हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 3 मई 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

### डोंगरगढ़ पहुंचे डिप्टी सीएम साव ने कहा

## सुशासन तिहार जनता से सीधे संवाद का माध्यम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव**

जिले के डोंगरगढ़ में विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपने प्रवास के दौरान स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला भाजपा कार्यालय में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कार्यालय में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल,राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, सुमित भाटिया, राजा मखीजा, शैंकी बग्गा, कमलेश बंदे, रवि सिन्हा, आलोक श्रोती, चिंटू सोनकर, आलोक जैन, तरुण लहरवानी, सावन वर्मा, गगन आईच महिला मोर्चा की पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश में हमारी साय सरकार सुशासन तिहार मना रही है, उन्होंने कहा कि सरकार का यह दायित्व है कि वह जनता के बीच जाए, अपनी योजनाओं की जमीनी हकीकत देखें।












## खबर संक्षेप

### शासकीय जमीन पर अवैध निर्माण



**मुरमुंदा।** ग्राम की शासकीय जमीन पर अवैध निर्माण करने का मामला सामने आया है। गांव के एक व्यक्ति द्वारा तालाब से लगी शासकीय भूमि पर दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। यह जमीन मेन रोड के पास है, जिससे भविष्य में अतिक्रमण और बढ़ने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर निर्माण किया जा रहा है, वह सार्वजनिक उपयोग की जमीन है। इस मामले की जानकारी ग्राम पंचायत को भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध निर्माण रोकने की मांग की है। सरपंच खेमचंद सोरी ने बताया कि मना करने के बाद निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में आगामी मंगलवार को तहसीलदार से शिकायत की जाएगी।

### वृद्धाश्रम में कराया भोज




**डोंगरगढ़।** बछेराभाटा में स्थित जीवन आनंद वृद्धाश्रम में आतिश नरेडी ने अपनी मां की पुण्यतिथि के मौके पर भोजन कराया। आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों ने आतिश नरेड़ी को आशीर्वाद दिया। उन्होंने निवासरत नागरिकों से हालचाल पूछा।

### गुम हुई गलियों की रौशनी



**चारभांठा।** गांव की गलियों को रौशन करने करीब 3-4 महीने पहले तामझाम के साथ लाइटें लगवाया गया था। उस वक्त पंचायत ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश किया था, लेकिन विडंबना यह है कि चंद दिनों की चमक के बाद लाइटें अब खंभों पर शो-पीस बनकर रह गई हैं। लाइटें लगे हुए महीनों बीत जाने के बाद भी उन्हें सुचारू रूप से चालू रखने या रखरखाव की सुध नहीं ली गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि लाइट लगाने का उद्देश्य केवल बजट को खपाना था। सरकारी रिकॉर्ड में भले ही गांव रोशन हो चुका है लेकिन हकीकत यह है कि गांव में अब तक अंधेरे में डूबा है।

### 51 जोड़ों का ब्याह आज रायपुर में

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा कल 3 मई को वाल्मीकि हॉल, वीआईपी रोड रायपुर में 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। संगठन मंत्री वीरेंद्र अग्रवाल ने समस्त अग्र बंधुओं, पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आयोजन में शामिल होकर वर-वधुओं को आशीर्वाद देने का आव्हान किया है।

## सरपंच ने पुलिस और एसडीएम से की शिकायत

# फर्जी हस्ताक्षर से दस्तावेज जारी करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

## जांच में कई मामले आएंगे सामने

पूर्व पंचायत प्रतिनिधि द्वारा पद मुक्त होने के बाद भी सरपंच के नाम पर हस्ताक्षर कर दस्तावेज जारी करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत छीपा के सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे ने पुलिस, तहसीलदार एवं एसडीएम को दस्तावेज सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे ने बताया कि 2009 से 2018 तक सरपंच रहे भारत लिल्हारे अब भी सरपंच के तौर पर हस्ताक्षर कर प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। उन्होंने एसडीएम एवं थानेदार के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत कर बताया कि 28 अप्रैल 2026 को पूर्व सरपंच ने अनापत्ति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के साथ मकान टैक्स की रसीद अपने हस्ताक्षर से जारी किया है। इन दस्तावेजों में तत्कालीन पंचायत सचिव के फर्जी हस्ताक्षर हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब बैंक के एक कर्मचारी ने रोशनलाल वर्मा द्वारा लोन के लिए प्रस्तुत दस्तावेज का सत्यापन कराना चाहा। सरपंच ने हितग्राही को बुलाया पूछा तो उन्होंने पूर्व सरपंच द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाना बताया जबकि भारत लिल्हारे इससे इंकार कर रहे हैं।



### पूर्व सचिव के हस्ताक्षर पर सवाल

सरपंच ओमप्रकाश वर्मा ने आशंका जाहिर किया है कि बीते सालों में अन्य लोगों को फर्जी प्रमाण पत्र दिया गया है जिसकी जांच के लिए पंचायत की बैठक बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी दस्तावेज में 2020 तक सचिव रहे योगेश कुमार चंद्रवंशी के हस्ताक्षर है जिसमें 2026 की डेट उल्लेखित है जबकि वर्तमान में सरिता श्रीवास सचिव हैं। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### पट्टा भी निकला फर्जी

जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंच ने 2 मई 2018 को रोशन वर्मा को भूखंड क्रमांक 408 क्षेत्रफल 246 मीटर का आबादी पट्टा जारी किया है जिसका उल्लेख ग्राम पंचायत के दस्तावेजों में नहीं है। खोजबीन करने पर पता चला कि भूखंड क्रमांक 408 सहकारी समिति के लिए आरक्षित है। दो साल पहले हितग्राही ने उक्त भूखंड पर मकान बना लिया है।

# कांग्रेस की नीति से बदली श्रमिकों की दशा : चौबे



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में शुक्रवार को पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के मुख्य आतिथ्य में बोरे बासी दिवस मनाया गया। अध्यक्षता खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन और विधायक यशोदा वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, निलाम्बर वर्मा, पदम कोठारी, संतोष वर्मा, निर्मला विजय वर्मा, कामदेव जंघेल, गुलशन तिवारी, संजूसिंह चंदेल, मन्नू चंदेल, रामकुमार पटेल थे। ग्रामीणों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

उक्त मौके पर श्री चौबे ने कहा कि आज अगर किसान मजदूर की स्थिति बेहतर है तो वह कांग्रेस सरकार की देन है। उन्होंने कहा वर्तमान सरकार किसान मजदूर को केवल रूला और सता रही है। लोग खाद, महंगाई, रोजगार के लिए परेशान हैं। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने मजदूरों का हमेशा हित किया है।

### सात लाख की घोषणा

विधायक श्रीमती वर्मा ने विकास कार्य के लिए सात लाख देने की घोषणा की। तत्पश्चात उपस्थित अतिथि, मजदूर, किसान और ग्रामीणों ने बोरे बासी, चटनी, भाजी, प्याज का आनंद लिया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अशोक जंघेल, प्रमोद सिंह ठाकुर, हेमंत वैष्णव, गुलशन तिवारी, कोसन कोसरे, ललित महोबिया, लिखन जंघेल, जैनुल खान, कैलाश वर्मा, घसिया राम, दिलीप ओगरे, रूखमणी देवांगन, हेमलता ठाकुर, सोनल ताम्रकार, क्रांति ताम्रकार, अमित टंडन, ईश्वर, सरपंच वंदना पटेल, लालचंद पटेल, डोगेन्द्र सोरी, हेमिन जंघेल, पुनिता छेदैहा, सुमित्रा साहू, यशोदा निषाद, सानिया बेगम, अफरोजा बेगम, सुषमा निषाद, जमुना टंडन, खेमिन जंघेल, लता जंघेल, राहुल जंघेल, भैरव साहू, गौतम कुंजाम, रूपसिंह पटेल, युवराज कश्यप, अरविंद जंघेल शामिल हुए।

## शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई जारी

- वायरल पाम्प्लेट को पुलिस ने बताया आधारहीन

**डोंगरगढ़।** शहर में बीते दिनों एक पम्पलेट वायरल हुआ था, जिसमें शराब की उपलब्धता का दावा करते हुए कुछ होटलों और व्यक्तियों के नाम और स्थान का उल्लेख किया गया था। पुलिस ने पम्पलेट में दी गई जानकारी को आधारहीन बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस ने बताया कि पम्पलेट में उल्लेखित शराब कोचियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। बीते एक माह के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत 42 प्रकरण पंजीबद्ध कर 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पम्पलेट में उल्लेखित शराब कोचियों के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई है। डोमेन्द्र साहू, मोहित यादव के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 1,08,760 रुपए की शराब एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है। इसी तरह स्वरूप सिंह उर्फ रिम्पी के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई है।

# सामूहिक विवाह से ही समाज में बदलाव: गांधी

**अर्जुनी।** कोसरिया यादव समाज सर्किल दीवानभेड़ी ने सामूहिक आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने किया। उन्होंने नवयुगलों को आशीर्वाद दिया तथा इस आयोजन के लिए यादव समाज को बधाई दी। श्री गांधी ने कहा है कि खर्चीले आयोजन से बचने के लिए सामूहिक विवाह सर्वोत्तम माध्यम हैं। सामूहिक विवाह से गरीब माता-पिता की चिंता कम हो जाती है। राज्य सरकार के सहयोग से हो रहे विवाह कार्यक्रमों में गरीब तबके की बेटियों के विवाह धूमधाम से हो रहे हैं।



### जन आंदोलन बनाए

श्री गांधी ने कहा कि समाज के संपन्न लोग भी शादियों में फिजूलखर्ची बंद करें और सामूहिक विवाह की व्यवस्था अपनाएं तभी जनआंदोलन बन सकेगा। इस मौके पर संतोष यादव, जागेश्वर राजू यादव, योगेश पटेल, तीर्थराम, धनुराम, रोहित, टोमन, प्रमोद, दिनेश, गंगाराम एवं बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# वार्षिक परीक्षा के बाद स्कूलों में घोषित हुए परिणाम, सफल छात्रों में खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल में कक्षा दसवीं का परिणाम 93 प्रतिशत रहा। परीक्षा में सम्मिलित 39 में से 20 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिसमें गैत्रिमा वर्मा, रेणुका वर्मा, आर्यन बघेल, राजेन्द्र वर्मा, चांदनी साहू, कोमेश, चन्द्रप्रकाश वर्मा, श्रुति वर्मा, उदित नारायण साहू, देवकुमार, लोकेश, अंबिका, मिथलेश, गीतिका शामिल हैं। इसी प्रकार कक्षा अरूण में धनिका, रितेश, जसमीत एवं रितिका, कक्षा उदय में पल्लवी यादव, हिमान्या, लीना, देवकुमार, हर्ष, यश, कक्षा प्रथम में झावी, तनु, सौरभ, काव्या, कक्षा द्वितीय सुचित्रा ढीमर, चिराग, पवन, कक्षा तृतीय में वेदिका, रियांश, रोशन, कक्षा चतुर्थ में कृतिका, माही, खिलेशवर, पार्थ, कक्षा षष्ठम में खिलेन्द्र वर्मा, पुष्पेन्द्र यादव, राजवीर महिलकर, कक्षा सप्तम में तुलेश्वरी, रत्नेश, खुशी साहू, महक, पुष्कर, कक्षा नवम डीलेश्वरी, लेमन साहू, मोनिका ने बेहतर सफलता हासिल किया। सभी को टीआर हिरवानी, एमएस राजपूत, मुरली साहू, बहुरसिंह साहू, रामदिल वर्मा, युगराज जैन, जेआर साहू, एलएल साहू, मानिक गुप्ता, चन्द्रकांत देवांगन, विरेन्द्र हिरवानी, अलख साहू, हीरालाल साहू आदि ने बधाई दी है।

### सीजी पब्लिक स्कूल डोंगरगांव

**डोंगरगांव।** स्थानीय सीजी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्थानीय परीक्षा के परिणाम गत दिनों घोषित किए गए। प्राचार्य एजाज अली हाशमी ने प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक कक्षा के परिणाम जारी किया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। हिन्दी माध्यम की कक्षा केजी वन में युवराज पटेल, खुशी गोड़, केजी टू में लावण्या कोठारी, अंश बारले, लियान, पहली में दुर्गा साहू, जानवी कंडरा, लव्यांश भारद्वाज, कक्षा दूसरी में पूर्वी, वाणी रामटेके, ईश्वर ढीमर, युवराज यादव, कक्षा तीसरी में देवांशी देवांगन, गीतांजली साहू, शेख अब्दुल करीम, आशीष बिंद, कक्षा चौथी में गीतिका, स्वस्ती मोहा, आकाश, सेलीना कंवर, कक्षा 6 वीं में समीर कोठारी, नव्या सहारे, पूनम साहू, सातवीं में प्रियांश, आँचल, धारणी प्रथम तीन स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा नवमीं में खुशबू साहू, हिमांशी पंचारी, टोयम साहू, कक्षा 11 वीं गणित संकाय में रीद्धि साहू, पूर्वी ध्रुव, चुरेन्द्र कुमार, जीवविज्ञान संकाय में साधना, रीना साहू, याशु साहू, कॉमर्स संकाय में सोनाली यादव, कविता ठाकुर, गुंजा वैष्णव पहले तीन स्थान पर रही।

### अंग्रेजी माध्यम के परिणाम

अंग्रेली माध्यम की नर्सरी में नोरिक्षय पांडे, अक्षिता साहू, दिव्यांश सोनकर, हर्षिता कुंभकार, लाव्या साहू, एलकेजी में अरसीन, जीवांश मेश्राम, मोनिश साहू, यूकेजी में वेद मालेकर, भाविका देवांगन, शौर्य शाबला, भाविका देवांगन, रेयांश चक्रधारी, , क्लास वन में असीर अंसारी, तुषिका राजपूत, प्रेणल हिरवानी, डिम्पल राजपूत, क्लास टू में नुशांत जुरेशिया, खुशी साहू, तक्ष्य चुरेन्द्र, भव्या यादव, माही कुम्हार, शष्टीका चंद्रवंशी, क्लास थ्री में स्मिता श्यामकर, मन्तसा, ओजस्वी तिवारी, आरव हिरवानी, क्लास फोर्थ में चैंसी सोनकर, कुंजल ठाकुर, विशांत जैन, क्लास सिक्स में सौम्या साहू, सिद्धी सिंग, भव्या कुंभकार, नंदनी, क्लास सेवंथ में आयुश डेकर, पूर्वी साहू, मयंक साहू, दामिनी तिवारी ने सफलता हासिल किया। क्लास 9 में विकास साहू, लोकेश साहू, चन्द्रकिरण, क्लास 11 गणित संकाय में युक्ती माटेकर प्रथम निखील साहू द्वितीय, हरवंश सोनकर तृतीय, जीवविज्ञान संकाय में प्राची रामटेके प्रथम, ख्याति वैष्णव द्वितीय, आर्यन यादव तृतीय, कॉमर्स संकाय में आदित्य साहू प्रथम, अविका लेंझारे द्वितीय तथा खुशाल देवांगन तृतीय स्थान पर रहे।

### जुड़वा भाई ने रचा इतिहास




**सड़क चिरचारी।** उच्चतर माध्यमिक शाला चारभाठा में जुड़वा भाई बहन यश और यशु ठाकुर ने परीक्षा में शानदार सफलता हासिल किया है। कक्षा नवमीं के छात्र यश सिंह ठाकुर ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं उसकी बहन यशु ठाकुर ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर और डीनेश्वरी ठाकुर के इन दोनों बच्चों का शैक्षणिक प्रदर्शन हमेशा उत्कृष्ट रहा है। दादा पूरन सिंह ठाकुर एवं दादी रेशम ठाकुर ने उन्हे बधाई दी है।

**डोंगरगांव।** सीजी पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वी अंग्रेजी माध्यम जीवविज्ञान संकाय की छात्रा दिव्यांशी मेश्राम ने जिले की टॉप टेन सूची में आठवाँ स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया है। दिव्यांशी मेश्राम आ श्रीपाल मेश्राम ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 92, हिन्दी में 90, भौतिक में 91, रसायन में 95 और जीवविज्ञान में 94 अंक प्राप्त किए है। दिव्यांशी की मां उर्मिला मेश्राम उच्चतर माध्यमिक शाला गैंदाटोला में व्याख्याता है। वहीं उसके पिता श्रीपाल मेश्राम बटालियन में आरक्षक हैं।



**एलबीनगर।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा अरुण में काव्या देवांगन, रिया साहू, कक्षा उदय में रूहान साहू, रेयांशी साहू, कक्षा प्रथम में पियांशी साहू, मोनेश, कक्षा द्वितीय में दुर्गेश पटेल, दिव्यांश साहू, कक्षा तृतीय में शिवम साहू, नव्या वर्मा, कक्षा चतुर्थ तृप्ति वर्मा, भूमि देवांगन, पंचम में किंजल साहू, पुष्पांजलि देवांगन, कक्षा षष्ठ में निलेश साहू, चित्रारेखा साहू, कक्षा सप्तम में हिमांशु यादव, डेविड सिन्हा, कक्षा अष्टम में लारेंस, डोमेशवरी ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा नवम में वासुदेव साहू, कृष्ण कुमार, कक्षा दशम में विनय माली, रूबीना साहू, दोलेश सिन्हा ने बेहतर अंकों के साथ सफलता हासिल किया। प्राचार्य डीसी यादव ने सभी को बधाई दी है।




### प्रियांशु को मिले 92.33 फीसदी अंक



**छुरिया।** भोलापुर के प्रियांशु दुबे ने दसवीं की परीक्षा में 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार का नाम रौशन किया है। परिणाम आने के बाद शिक्षक पिता चेतन दुबे एवं माता मुस्कान दुबे ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। प्रियांशु वर्तमान में प्रयास आवासीय बालक अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायपुर में अध्ययनरत हैं।

### वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षा का परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किया गया। परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा अरुण में दीपांशु दास प्रथम, हेमाक्षी सिन्हा द्वितीय, कक्षा उदय में मोक्ष साहू प्रथम, गौरव धनेन्द्र द्वितीय, कक्षा प्रथम में प्रव्या साहू प्रथम, सानिया सिन्हा द्वितीय, कक्षा द्वितीय में प्रीतम कुमार प्रथम, भावेशदास मानिकपुरी द्वितीय, कक्षा तृतीय में प्रियांशी साहू प्रथम, योगेश देशमुख द्वितीय, कक्षा चतुर्थ में रूचि दरवड़े प्रथम, प्रीति द्वितीय, कक्षा षष्टम में तृषा रात्रे प्रथम, मोहिल वर्मा द्वितीय, कक्षा सप्तम में भावेश चौबे प्रथम, रूपेंद्र साहू द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर जागृत साहू, नेमीचंद साहू, शत्रुघ्न मानिकपुरी, धर्मेंद्र सिन्हा, रोशन साहू, धनीराम यादव, मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिलोका यादव, रूपा साहू, योगेश्वरी वर्मा, हिना यादव, भावना यादव, चंपा साहू उपस्थित थी।



### घिरघोली स्कूल का परिणाम 89.56 प्रतिशत

**सड़क अतरिया।** हाईस्कूल घिरघोली में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 89.56 प्रतिशत रहा। प्राचार्य अनिल जंघेल, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, रोहित जंघेल ने बच्चों को बधाई दी है। शाला के 48 में से 43 बच्चे उत्तीर्ण हुए। परीक्षा में 19 ने प्रथम एवं 24 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लीलम ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय स्थान योगेश्वरी एवं तृतीय स्थान भावना सिन्हा ने प्राप्त किया। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए संकुल प्राचार्य अनिल जंघेल, बीईओ जी सुधाकर, दुष्यंत शर्मा, जीआर टंडन, तुलेश्वर सेन ने बधाई दी हैं।





### बुंदेली में भूमिका सबसे आगे

रविन्द्रनाथ टैगोर स्कूल की कक्षा 12 वीं में प्रथम भूमिका जंघेल 72 प्रतिशत, द्वितीय भानु जंघेल 71 एवं तृतीय तन्नु जंघेल 69 प्रतिशत रही। दसवीं में प्रथम गौरव जंघेल 88 प्रतिशत, द्वितीय विनय 75 प्रतिशत एवं तृतीय धनराज जंघेल 73 प्रतिशत रहे। कक्षा 11 वीं में प्रथम भूमि जंघेल, द्वितीय मीनाक्षी, तृतीय पूजा पाटिल, नवमी में प्रथम दामिनी, द्वितीय पलक जंघेल, तृतीय जागेश्वरी, आठवीं में प्रथम माधुरी जंघेल, द्वितीय हिना वर्मा, तृतीय हरीश जंघेल, सातवीं में प्रथम तमन्ना, द्वितीय वीरा गुप्ता, तृतीय लिलिमा साहू, छठवीं में प्रथम नम्रता जंघेल, द्वितीय ओजल सेन, तृतीय खेमराज सोनी, पांचवीं में प्रथम हर्षिता नेताम, गुनिता साहू, तृतीय कामिनी जंघेल, चौथी में प्रथम धरनी वर्मा, डिम्पल जंघेल, तृतीय लक्ष्य वर्मा, तीसरी में प्रथम निधि जंघेल, द्वितीय योगिता ठाकुर, तृतीय रोमन जंघेल, दूसरी में प्रथम छाईका पाल, द्वितीय पीहू जंघेल, तृतीय खुशी गुप्ता, पहली में प्रथम लक्ष्य साहू, द्वितीय यशी जंघेल तथा तृतीय लिशा जंघेल रही।

### टैगोर शाला में छात्राओं का दबदबा



रविन्द्रनाथ टैगोर उच्चतर माध्यमिक शाला खैरा नर्मदा में दसवी का परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय में प्रथम स्थान चंचल पुलस्त्य 78 प्रतिशत ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान हेमा पटेल 72 प्रतिशत तथा तीसरा स्थान तमन्ना जंघेल 70 प्रतिशत ने हासिल किया। इसी प्रकार ग्यारहवीं में प्रथम पंचवती धुर्वे, द्वितीय खुशबू जोशी, तृतीय यमुना ध्रुवे, नवमी में प्रथम झरना जंघेल, द्वितीय मो फरहान, तृतीय हिमांशी धनकर, आठवीं में प्रथम चांदनी, द्वितीय भूमि जंघेल, तृतीय यामिनी, सातवीं में प्रथम फाल्गुनी साहू, द्वितीय तरनी जंघेल, तृतीय विशाल, कक्षा छठवीं में प्रथम कुमेश्वरी, द्वितीय नोहर यादव, तृतीय हरीश, कक्षा पांचवीं में प्रथम त्रिवेणी पटेल, द्वितीय हेमा पटेल, तृतीय नरेन्द्र, चौथी में प्रथम तुलसी सेन, द्वितीय संतोष, तृतीय लोकिशा जंघेल, तीसरी में प्रथम मोनिका, द्वितीय नमन जंघेल, तृतीय आलिया मिर्जा, दूसरी में प्रथम यश्वी नायक, द्वितीय साहिल चेलक, तृतीय मेघा ठाकुर, पहली में प्रथम अभय यादव, द्वितीय आयुष चेलक एवं तृतीय स्थान पर सुशांत यादव रहे।

### आठवीं- पांचवीं का परिणाम सराहनीय





**सड़क अतरिया।** नर्मदा विद्यालय में आठवीं और पांचवीं का परिणाम सराहनीय रहा। आठवीं में प्रथम स्थान पर युवराज जंघेल, द्वितीय लाकेश कुमार, तृतीय स्थान पर कुमेश्वर जंघेल रहा। इसी प्रकार पांचवी में प्रथम गुमेश नेताम, द्वितीय सुफियान एवं तृतीय स्थान पर भावेश जंघेल रहा। इस विद्यालय के गुमेश नेताम का नवोदय विद्यालय, अतुल कुमार का एकलव्य आवासीय विद्यालय तथा युवराज जंघेल का नवमीं में चयन हुआ है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# लगातार चोरी की घटनाओं से व्यापारी आक्रोशित, सुरक्षा बढ़ाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते 1 मई की रात लगभग ढाई बजे शहर के रेस्ट हाउस रेलवे स्टेशन रोड में संचालित आरसीएम एंटरप्राइज में दो अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान का ताला तोड़कर 12 लाख कीमत की सिगरेट चोरी की गई। इस घटना के बाद चेंबर ऑफ कॉमर्स भी सहम गया है। पिछले कुछ महीनों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए चेंबर के लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर बाजार क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने ज्ञापन सौंपा है।

शहर के पुराना रेस्ट हाउस रोड स्थित दुकान से 12 लाख रुपये कीमत की सिगरेट चोरी होने के मामले से व्यापारियों में भय और आक्रोश है। एक ही दुकान में दो अज्ञात चोरों के द्वारा रात लगभग ढ़ाई बजे से 4 बजे के बीच तीन बार चोरी की वारदात को अंजाम देने से अन्य व्यापारियों में भी खौफ है। बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे चेंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों ने इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने मांग की है।

## पुराना रेस्ट हाउस रोड स्थित एक दुकान से 12 लाख की सिगरेट चोरी

### तीन बार में लेकर गए सिगरेट से भरा बक्सा

चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ ज्ञापन सौंपने पहुंचे राहुल तेजवानी ने बताया कि उनकी दुकान पुराना रेस्ट हाउस रोड में है। जहां एक ही रात में लगभग ढाई बजे दो अज्ञात चोरों के द्वारा एक्टिवा वाहन में आकर दुकान का ताला और शटर तोड़ दिया गया। वहीं दुकान के भीतर रखे खड्डे के बड़े बक्से में सिगरेट के पैकेट निकाल लिए। उन्होंने बताया कि सिगरेट का बक्सा बड़ा होने के चलते चोरों के द्वारा आराम से इसे निकालकर अन्य जगहों पर छोड़कर भी आए, इसी तरह चोरों ने लगातार तीन बार चोरी करते हुए सिगरेट से भरा बक्सा पार किया। उन्होंने कहा कि इस पूरे चोरी के मामले में 12 लाख रुपए कीमत की सिगरेट चोरी हुई है।



### चोरों के हौसले बुलंद

चोरी के इस मामले को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि लगातार तीन-चार बार एक ही जगह चोरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की चोरी से अन्य व्यापारियों को भी काफी भय और असुरक्षा है। व्यापारी सो नहीं पा रहे हैं और रातभर अपने दुकान की सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस तरह चोरी की घटना की पुर्नावृत्ति ना हो और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग

चेंबर ऑफ कॉमर्स ने मांग की है कि बाजार एवं व्यापारिक क्षेत्रों में पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ाई जाए। प्रमुख व्यापारिक स्थानों पर सीसीटीवी निगरानी एवं पुलिस व्यवस्था की जाए। व्यापारियों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा योजना, व्यवस्था लागू की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान अरुण डुलानी, आवतराम तेजवानी, संजय तेजवानी, गुरमुख वाधवानी सहित अन्य थे।

## दोनों कक्षाओं में पूरक आए 325 बच्चों की दोबारा होगी परीक्षा

# रिजल्ट जारी: 5वीं में 99.17% आठवीं में 98.53% बच्चे पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दसवीं और बारहवीं परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद अब जिले में पांचवी-आठवीं के भी परिणाम जारी कर दिए गए है। जिले में इस बार पांचवी कक्षा में जहां 99.17 फीसदी बच्चे पास हुए है, वहीं आठवीं कक्षा में 98.53 बच्चे पास हुए है। वहीं दोनों कक्षा में पूरक आए 325 बच्चों को अब दोबारा परीक्षा देनी होगी, हालांकि इसके बाद भी उन्हें आगे की कक्षा में प्रवेश दे दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया। विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम संबंधित विद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई है। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर अपने स्कूल प्रबंधन से संपर्क करें। मूल्यांकन 15 अप्रैल तक पूरा हुआ था। ज्ञात ही यह पहली दफा है जब 5वीं-8वीं की बोर्ड पैटर्न वाली केंद्रीकृत परीक्षाएं पूर्ण रूप से लागू हुईं।

### खास बातें

- पांचवीं में 109 एवं आठवीं में 216 बच्चें आए पूरक, इनकी अब दोबारा ली जाएगी परीक्षा
- पिछले साल से बेहतर परिणाम



### प्रगति प्रतिवेदन के साथ दी गई मार्कशीट

भले ही बाकी जिलों में पांचवीं और आठवीं कक्षा के बच्चों को केवल प्रगति प्रतिवेदन दिया गया हो, लेकिन राजनांदगांव जिले में प्रगति प्रतिवेदन के साथ ही मार्कशीट भी बांटी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया में मार्कशीट बांट दिया गया, जबकि डाटा नहीं आने के कारण राजनांदगांव ब्लॉक में वितरण शेष है। बताया गया कि मार्कशीट में 70 फीसदी वार्षिक एवं 30 प्रतिशत अंक तिमाही व छमाही परीक्षा के जोड़े गए है।

### फेल नहीं होंगे बच्चे

ज्ञात हो प्रदेश में पिछले एक दशक से 5वीं और 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं बंद कर दी गई थी। बच्चों को आठवीं कक्षा तक फेल करने की जगह अगली कक्षा में दाखिला दिया जाता रहा है। यहीं नियम अभी भी लागू है, भले ही आठवी और पांचवी की परीक्षा में जिले में 325 बच्चे पूरक आए हो। परीक्षा में फेल होने पर पूरक परीक्षा का मौका मिल रहा है, वहीं यह सभी बच्चे अगली कक्षा में प्रवेश मिल जाएगा। यानी पूरक परीक्षा में फेल होने के बाद भी बच्चे अगली कक्षा में प्रवेश कर लेंगे। पूरक परीक्षा की समय सारिणी जल्द जारी की जाएगी।

### 5वी में 14027, 8वी में 14105 पास हुए

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पांचवी कक्षा में कुल 14143 बच्चे पंजीकृत थे, जिसमे से 14027 बच्चे पास हुए और 116 पूरक आए है। ऐसे ही आठवी कक्षा में कुल 14314 बच्चे पंजीकृत थे जिसमे 14105 पास हुए और 209 पूरक आए है। ब्लॉकर देखे तो पांचवी में राजनांदगांव में 5608 में 5560 पास व 48 पूरक आए। छुरिया में 2919 में 2909 पास और 10 पूरक, डोंगरगाँव ब्लाक में 2265 में 2239 पास और 26 पूरक एवं डोंगरगढ़ ब्लॉक में 3351 में 3319 पास और 32 पूरक आए। ऐसे आठवीं कक्षा में राजनांदगाँव ब्लॉक में 5670 में से 5581 पास और 89 पूरक, छुरिया ब्लॉक में 2934 में 2926 पास और 55 पूरक आए, डोंगरगांव ब्लॉक में 2289 में 2285 पास और 36 पूरक आए एवं डोंगरगढ़ ब्लॉक में 3342 में 3313 पास और 29 पूरक आए है।

## कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

# शराब के अवैध कारोबार को संरक्षण दे रही सरकार: बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे। यहां पारींनाला बायपास चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अपने प्रवास को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह कुमरदा क्षेत्र में बोरे बासी खाने कार्यक्रम में आमंत्रित है, इस दौरान कार्यकर्ताओं की बैठक भी होगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ी धूप के बीच उनका स्वागत किया। इस दौरान पटाखे फोड़े और फूल मालाओं से स्वागत करने कांग्रेसियों की होड़ नजर आई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव, डॉ. आफताब आलम, शाहिद खान, रमेश डाकलिया, संतोष पिल्ले, हेमा देशमुख, इकरामुद्दीन सोलंकी, रुपेश जोशी, अमित खंडेलवाल, प्रेमरू चांदनी, अशोक पंजवानी, अनीश खान, विवेक वासनिक, आमीन हुड्डा, ऋषि शास्त्री, हेमंत ओसवाल, सुरेंद्र देवांगन, मनीष साहू, मनीष गौतम, राजीव सोलंकी, नितिन बत्रा सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।



### नांदगांव बना अवैध शराब का अड्डा

डोंगरगढ़ क्षेत्र में मिले अवैध शराब के बॉटलिंग यूनिट को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब का जखीरा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव अवैध शराब का अड्डा बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है। वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के मामले में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के खिलाफ भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि यह बिल 2023 में पास हो गया था, लेकिन अब जो बिल लाया गया, वह परिसीमन बिल था। उन्होंने कहा कि पहले जनगणना होनी चाहिए इसके बाद जिसकी जितनी आबादी उतना उसका हक मिलना चाहिए।

### सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सरकार को घेरा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने रसोई गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर कहा की देशभर में व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडर में 993 रुपए की बढ़ोतरी हो गई है। 2 माह के भीतर ही यह तीसरी बार गैस के दाम में बढ़ोतरी है, जिसके चलते चाय, नाश्ता, गरीबों का खाना महंगा हो गया है, रसोई का बजट बिगड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि बंगाल चुनाव के बाद पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाने की संभावना भी है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आम जनता को महंगाई के बोझ तले दबाने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में हुए चुनाव और इसके परिणाम को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कहा कि पांच राज्यों में हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन बेहतर परफॉर्मेंस करेगी।

# भुगतान नहीं होने पर रोकी सफाई, दर्जनभर वार्ड के ठेकेदारों को थमाई नोटिस




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाले ठेकेदारों ने अपने लंबित भुगतान के विरोध में शुक्रवार को काम बंद कर दिया। बताया गया कि शहर के लगभग 11 वार्डों में शुक्रवार को सफाई की व्यवस्था ठप रही, जिसको लेकर शिकायतें भी सामने आई। इस पर निगम आयुक्त ने एक्शन लेते हुए संबंधित ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दी है।

उल्लेखनीय है कि शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की मंशा के साथ लगभग 27 वार्डों में ठेका पद्धति से सफाई कराई जाती है। इन वार्डों का ठेका महिला समूहों की आड़ में निगम से जुड़े जनप्रतिनिधि के हाथों में ही होता है। यहीं कारण है कि इन वार्डों में जहां सफाई की व्यवस्था कभी सही नहीं रहती, वहीं इनके खिलाफ कोई ठोस एक्शन भी नहीं हो पाता। जबकि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम का स्वास्थ्य अमला साफ सफाई में जोर दे रहा है। महापौर एवं आयुक्त स्वयं वार्डो में जाकर सफाई का जायजा लेकर व्यवस्था में सुधार के निर्देश दे रहे है। इस तारतम्य में ठेका वार्ड में सफाई कार्य बंद करने से सफाई व्यवस्था प्रभावित होने पर संबंधित महिला समूह को आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नोटिस जारी किया है।

### शुरु हुई सफाई

समूह के इस प्रकार के कार्य से वार्ड में सफाई प्रभावित होने पर आयुक्त ने नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया था। उन्होने कहा है कि सफाई बंद करने पर संतोषप्रद जवाब नही देने की स्थिति में अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर समूह को काली सूची में अंकित किया जायेगा। हालांकि निगम के स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि सफाई की व्यवस्था शनिवार से पुनः पटरी पर लौट आई है।

### इन समूहों को थमाई नोटिस

मिली जानकारी के अनुसार भाग्य लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह कौरिनभाठा को निकाय अंतर्गत वार्ड नं. 32, 33, 35, 39, 40, 42 व 44 में सफाई कार्य का दायित्व सौंपा गया था। किन्तु इनके द्वारा वार्ड में सफाई कार्य बंद कर दिया गया जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई। वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है, ऐसी स्थिति में वार्डों में सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इसी प्रकार लखोली की महिला कृष्णा स्व सहायता समूह द्वारा भी वार्ड नं. 7,16,17 व 18 में भी सफाई कार्य बंद कर दिया गया, उक्त दोनो महिला समूह द्वारा सफाई कार्य बंद किया जाना लापरवाही एवं अनुबंध शर्तों का उल्लंघन है। जिस पर एक्शन लेते हुए नोटिस जारी की गई है।

# आपरेशन मुस्कान : चार दिन पहले गायब हुई नाबालिग नागपुर में मिली, परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई




आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने नाबालिग बालिका को नागपुर से बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 अप्रैल को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 27 अप्रैल से उसकी नाबालिक लड़की घर में नहीं है।

किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया कि रिपोर्ट पर थाना गण्डई में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण नाबालिक बालिका के अपहरण से संबंधित होने से गंभीरता से प्रकरण की विवेचना प्रारंभ किया गया।

अपहता के मोबाइल नंबर का साइबर सेल केसीजी से लोकेशन लिया गया जिसका लोकेशन नागपुर महाराष्ट्र का पता चलने से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार विशेष टीम गठित कर अपहता की तलाश हेतु नागपुर भेजा गया। जहां वंजारी नगर नागपुर से संदेही के रिश्तेदार के यहां अपहता को संदेही के कब्जे से बरामद किया गया। विवेचना दौरान संदेही नाबालिक विधि से संघर्षरत बालक होना पाया गया। पीड़िता द्वारा महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष अपने कथन में विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा नागपुर घूमने जाने के नाम पर ले गया था और कोई गलत काम नहीं हुआ है बताया है। विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध अपहरण के धारा पर कार्यवाही किया गया।

# सट्टा खिलाने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



धर-पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा खिलाने के दो मामलों में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम के द्वारा जुआ, सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना खैरागढ़ पुलिस के द्वारा 1 मई को कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि खैरागढ़ थाना क्षेत्र में कुछ व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से आईपीएल मैचों में सट्टा-पट्टी लिखकर ऑनलाइन हार-जीत का खेल संचालित कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दो अलग-अलग स्थान इतवारी बाजार क्षेत्र में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई।

### मोबाईल, नगदी रकम जब्त

पुलिस के मुताबिक मौके पर आरोपी संजीत कुमार 30 वर्ष, महेन्द्र कुमार देवांगन 25 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग मोबाइल व 2100 रूपये नगद राशि भी जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## जिले में बनाए गए थे आठ परीक्षा केंद्र, दो पालियो में आयोजित की गई परीक्षा

# एनएमएमएस परीक्षा में पहुंचे 84% बच्चे, चयन होने पर पढ़ाई के लिए मिलेगी सालाना 12 हजार रुपए की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत संचालित स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) 2025-26 की परीक्षा 02 मई को आयोजित की गई। परीक्षा के लिए जिले में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पंजीकृत छात्रों में से 84 फीसदी छात्र परीक्षा केंद्र तक पहुचें। ज्ञात हो इस परीक्षा में चयनित छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए सालाना 12 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।



आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति एनएमएमएस परीक्षा 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत चयनित छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति माह 1000 रुपए, यानी सालाना 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कुल 2246 छात्रों का कोटा निर्धारित किया गया है। यह परीक्षा दो पालियों में 2 मई से होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 12 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल की तरफ से जिला शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए थे, जिसके अनुसार ही तैयारियां कराई गई थी।

### आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को पात्रता

पात्रता के अनुसार राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकाय के विद्यालयों में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते थे, जिन्होंने कक्षा 7 वीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक (एससी/एसटी वर्ग के लिए 5 प्रतिशत की छूट) के साथ उत्तीर्ण किया हो तथा जिनके माता-पिता अथवा पालक की वार्षिक आय सभी स्रोतों से 3.50 लाख रुपये से अधिक न हो। केंद्रीय, नवोदय, निजी एवं आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

### डीईओ ने किया केन्द्रों का दौरा

दो पालियों में आयोजित की गई इस परीक्षा के लिए कुल आठ केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में सुबह 10 से 11:30 और दोपहर 1 से 2:30 बजे तक परीक्षा का आयोजन हुआ। डीईओ पीएस बघेल ने सभी केन्द्रों का दौरा कर वहा परीक्षा आयोजन की स्थिति देखी। ज्ञात हो परीक्षा के लिए जिला स्तर के साथ ही केन्द्रों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे।

### 451 बच्चे नहीं पहुंचे

मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 2895 पंजीयन हुआ था। जिसमें से 451 बच्चे अनुपस्थित रहें। राजनांदगाँव ब्लॉक में 1292 में 1068 उपस्थित रहे और 224 अनुपस्थित थे। डोंगरगढ़ ब्लॉक में 492 में से 423, डोंगरगांव में 444 में से 374 और छुरिया ब्लॉक में 667 में से 579 उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस प्रभारी से सौजन्य भेंट

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने सौजन्य भेंट की। प्रभारी श्री पायलट के मार्गदर्शन से जिला एवं ब्लॉक अध्यक्षों में नए उत्साह का संचार हुआ। सभी ने जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प दोहराया।

### पहला जनसमस्या निवारण शिविर 4 को

**छुईखदान।** शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं, शिकायतों और मांगों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले का पहला जनसमस्या निवारण शिविर 4 मई को विकासखंड की ग्राम पंचायत गेरूखदान में आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करेंगे। पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया जाएगा। जनपद पंचायत छुईखदान की ग्राम पंचायत गेरूखदान क्लस्टर में शामिल पंचायत रामपुर, कोसमर्रा, चोभर, कोपरो, गेरूखदान, सरोधी, बकरकट्टा, समुन्दपानी, कुम्हरवाड़ा, देवरचा, भावे, भोथली, गातापार, चोरलाडीह सहित अन्य पंचायतों के ग्रामीणों को शिविर का लाभ मिलेगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ शिविर में उपस्थित रहकर समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

### बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज का मासिक बैठक 3 मई रविवार को प्रातः 10 बजे से जिला कार्यालय सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों के साथ जिस परिक्षेत्र का 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने वाले का चुनाव पर चर्चा किया जायेगा।

### जिले में अब तक कुल 2114 की जनसंख्या दर्ज

# जनगणना : पहले दिन काम में दिखी रफ्तार, सभी क्षेत्रों में शानदार प्रगति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में चल रहे जनगणना अपडेट कार्य में प्रशासन के सतत प्रयासों का सकारात्मक असर पहले ही दिन देखने को मिला है। शाम 5 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अधिकांश क्षेत्रों में कार्य संतोषजनक गति से आगे बढ़ रहा है वहीं कई स्थानों पर उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साल्हेवारा ग्रामीण क्षेत्र में कुल 97 में से 35 में कार्य प्रारंभ हो चुका है जबकि शेष में तेजी से काम जारी है। जिले के कुल 813 गणना ब्लॉकों में से 696 में प्रगणकों और 117 पर्यवेक्षकों द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। अब तक 564 भवनों में नंबरिंग कर 2,114 लोगों की गणना पूर्ण की जा चुकी है। गंडई ग्रामीण क्षेत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 113 में से 96 में कार्य प्रारंभ कर प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया है। वहीं गंडई शहरी क्षेत्र में 28 में से 18 में कार्य शुरू हो चुका है। छुईखदान क्षेत्र में भी अच्छी प्रगति देखने को मिली है जहां ग्रामीण क्षेत्र में 162 में से 111 और शहरी क्षेत्र में 15 में से 13 में कार्य प्रारंभ हो चुका है।खैरागढ़ क्षेत्र में भी जनगणना कार्य लगातार गति पकड़ रहा है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में टीमें सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं और प्रगति निरंतर बढ़ रही है। जिले में अब तक कुल 2,114 की जनसंख्या दर्ज की जा चुकी है।



### कर्मियो को मेडिकल किट

अधिकारियों का कहना है कि शेष कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी के विशेष प्रयासों से कुल 899 कर्मियों को सीएमएचओ के माध्यम से लू एवं मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक मेडिकल किट वितरित की गई है, जिससे कर्मचारियों में संतोष और उत्साह का माहौल है।

### घरों की गणना जारी

इसके साथ ही परिवारों और घरों की गणना भी व्यवस्थित रूप से जारी है। अधिकांश स्थानों पर रिहायशी घरों का चिन्हांकन सफलतापूर्वक किया जा रहा है, साथ ही आंशिक एवं खाली घरों का भी सर्वे किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।



### बिजनेस साइट

## प्रथम सिल्वर में शुद्धता की गारंटी के साथ अब ग्राहकों के लिए प्रॉफिट शेयरिंग योजना

**राजनांदगांव।** शहर के कामठी लाइन में पुराने स्टेट बैंक के सामने संचालित प्रथम सिल्वर भारत का एकमात्र सिल्वर शोरूम है जहां 100 प्रतिशत शुद्धता की गारंटी हॉलमार्क के साथ चांदी के जेवरात मिलते हैं। यहां ग्राहकों के हित में एक कड़ी और जोड़ते हुए प्रॉफिट शेयरिंग योजना की शुरुआत शनिवार से की गई है। इस योजना के तहत प्रथम के द्वारा ग्राहकों को 5000 या उससे अधिक की हर खरीदी पर मोबाइल एप के माध्यम से बोनस प्वाइंट मिलेगा, जो रूपयों में अकाउंट होगा। इस प्वांइट को भविष्य में ज्वैलरी खरीदने के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। प्रथम द्वारा ग्राहकों को दिया जाने वाला रिवॉर्ड पॉइंट 1 रुपये मूल्य पर एक रिवॉर्ड पॉइंट होगा।

### शुद्धता की गारंटी के साथ वापसी

प्रथम सिल्वर में 100 प्रतिशत हॉलमार्क ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत वापसी की गारंटी भी है। प्रथम सिल्वर शोरूम के संचालक विवेक पारख और समर्थ पारख ने बताया कि क्वालिटी और लेटेस्ट डिज़ाइन्स में चांदी की एक पिन से लेकर ज्वेलरी और बर्तन तक यहां सब कुछ मिलता है।

### राजनांदगांव से हुई शुरुआत

प्रथम से जुड़े मुन्ना भाई ने बताया कि चांदी के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से प्रदेश में राजनांदगांव से शुरू की गई है। इस योजना में 1 लाख के चांदी के जेवरात खरीदारी पर 50 हजार तक की सिल्वर ज्वेलरी निशुल्क दी जा रही है। प्रथम सिल्वर के पॉइंट शेयरिंग स्कीम खरीदारी के साथ प्रॉफिट कमाने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि इसमें कंपनी का जो प्रॉफिट होगा उसमें से ही कुछ प्रॉफिट ग्राहकों को दिया जा रहा है।


## छुईखदान बना नया एजुकेशन हब

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

■ लाइब्रेरी की शुरुवात एक सकारात्मक और उपयोगी पहल

पढ़ाई के लिए उपयुक्त और शांत वातावरण की तलाश में भटक रहे छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर यह है कि शहर में शुरू हुई दि कृष्णा लाइब्रेरी इन दिनों बेहतरीन और सुविधाजनक अध्ययन केंद्र के रूप में उभरकर सामने आई है। अब तक शोर-शराबे और अनुकूल माहौल की कमी के कारण छात्र-छात्राएं पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे थे, जिससे वह लगातार चिंतित रहते थे। इस लाइब्रेरी की शुरुवात उनके लिए एक सकारात्मक और उपयोगी पहल साबित हो रही है।

लाइब्रेरी में स्वच्छ, शांत और आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जिससे विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने में मदद मिल रही है। यही कारण है कि अब दूर-दूर से छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन करने पहुंच रहे हैं। लाइब्रेरी संचालक संध्या वर्मा ने बताया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कई प्रतिभाशाली छात्र केवल सही माहौल के अभाव में पीछे रह जाते हैं, और उनकी कोशिश है कि ऐसे छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।



### रूझान बढ़ा

54 सीटों की क्षमता वाले इस लाइब्रेरी में इन दिनों खासी संख्या में विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। यहां का अनुशासित और शांत वातावरण पढ़ाई के लिए अनुकूल है। छुईखदान शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह लाइब्रेरी नए शैक्षणिक केंद्र के रूप में उभर रही है, जिसे लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह है।

## पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप, हटाने लामबंद हुए पंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय मानपुर के ग्राम पंचायत में सचिव के मनमानी, भ्रष्टाचार एवं अपारदर्शिता के विरोध में वार्ड पंच एक हो गए हैं। ग्राम पंचायत के सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के उच्चाधिकारियों के पास भी गड़बड़ियों एवं धांधली की फेरिस्त दे चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत मानपुर के 14 वार्ड पंचों ने लिखित में शिकायत दिया है कि ग्राम पंचायत मानपुर में कार्यरत सचिव जयप्रकाश बोरकर के खिलाफ कार्रवाई तय करने मांग किए हैं। समस्त वार्ड पंचों ने सचिव के ज्वाइनिंग से लेकर अब तक मानपुर पंचायत में हुए समस्त वित्तीय कार्य की जांच, समस्त केशबुक, लेखा पंजी, बिल वाउचर, स्टॉक पंजी समस्त वित्तीय अभिलेख का गहन जांच किए जाने हेतु मांग किए हैं।

ग्राम पंचायत में संचालित खातों की भी संपूर्ण जानकारी चाही गई है। दैनिक बाजार एवं साप्ताहिक बाजार नीलामी के राशि का भी आय-व्यय पासबुक, बैंक रशीद प्रस्तुत किए जाने का मांग किया है। वार्ड पंचों ने यह भी आरोप लगाया है कि पदस्थ सचिव स्वयं मानपुर का रहने वाला है तथा पंचायतों के कार्यों एवं निर्णयों में अपना निजी राय रखता है। जिससे कार्रवाई प्रभावित होती है तथा पंचायत की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता भंग होती है। सचिव के पुराने कार्यकाल को देखा जाए तो वे सेवाकाल के दौरान निलंबित भी हुए हैं। उनका स्थानांतरण अन्य जिला में भी कर दिया गया था। उन्हें पंचायती कार्यों में वित्तीय अनियमितता पर जेल भी जाना पड़ा था। वार्ड पंचों का आरोप है कि वर्तमान में पदस्थ सचिव विशेष राजनीतिक संरक्षण के तहत मानपुर में पदस्थ हुआ है, क्योंकि पूरे विकासखंड में केवल एक सचिव का स्थानांतरण आदेश हुआ था।

### लगातार शिकायत, फिर भी कार्रवाई नहीं

ग्राम पंचायत मानपुर के 14 वार्ड पंचों ने अधोहस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से सचिव की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों तक को शिकायत पत्र सौंपा है, परन्तु अब तक कार्रवाई किसी भी प्रकार से नहीं हुई है। वार्ड पंचों ने बकायदा विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, सभी राजनीतिक एवं प्रशासनिक प्रमुखों के सम्मुख उपस्थित होकर मानपुर ग्राम पंचायत के भीतर बेहद पैमाने पर की गई धांधली की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

### जांच में सहयोग नहीं कर रहा सचिव

जनपद पंचायत मानपुर से गठित जांच दल तीन दफे पंचायत में जांच के लिए जा चुकी है, परन्तु अब तक जांच पूर्ण नहीं हुआ है। पहली जांच में सचिव ने पंचायती राज अधिनियम के तहत कर्तव्यों का पालन करना बताया है। वहीं दूसरी बार जांच में जब जांच टीम गई तो सचिव ने एसआईआर ड्यूटी के चलते जांच से अनुपस्थित रहा। वहीं तीसरी जांच के दौरान स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देते चिकित्सा प्रमाण पत्र लगाकर सचिव जांच में उपस्थित नहीं हुआ। जांच की अगली तिथि 4 मई नियत किया है।

### कारण बताओ नोटिस जारी

उपसंचालक पंचायत द्वारा 4 फरवरी 2026 को ग्राम पंचायत मानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उपसंचालक पंचायत निरीक्षण के अनुसार बिना अवकाश स्वीकृत कराए सचिव जयप्रकाश बोरकर कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। मूलभूत योजना के केशबुक के अतिरिक्त अन्य सभी केशबुक पंचायत में उपलब्ध नहीं पाया गया। ग्राम पंचायत के अधीन दुकानों का नीलामी राशि जमा नहीं हो रहा है। बाजार नीलामी का अंतिम किस्त अभी तक जमा नहीं कराया गया है। बिल पंजी अद्यतन नहीं है। ग्रामसभा पंजी अद्यतन नहीं है। अन्य पंजी कार्यालय में उपलब्ध नहीं पाए गए हैं।

### होनी चाहिए जांच और कार्रवाई

पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधि अगर लिखित में जांच चाह रहे हैं तो जांच होनी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारियों का समयावधि में जांच और कार्रवाई सुनिश्चित नहीं करना, इस जिले के भ्रष्ट पंगु व्यवस्था को दर्शाता है।

\- **इंद्रशाह मंडावी,** विधायक, मोहला-मानपुर

## ग्रंथालय का कलेक्टर ने किया अवलोकन

**खैरागढ़।** ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने इंदिरा कला संगीत विवि के ग्रंथालय में संरक्षित हस्तलिखित पांडुलिपियों का अवलोकन किया। उन्होंने उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों को भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके संरक्षण, संवर्धन व डिजिटलीकरण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

कलेक्टर ने ग्रंथालय में रखी पांडुलिपियों की स्थिति, उनके रख-रखाव, वर्गीकरण और संरक्षण की वर्तमान व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ये हस्तलिखित पांडुलिपियां न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि शोध व अकादमिक अध्ययन के लिए भी उपयोगी हैं। ऐसे में इनका वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण, डिजिटल अभिलेखीकरण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़िया भी इस ज्ञान संपदा से लाभांवित हो सकें।



### तैयार करें पांडुलिपी की सूची

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने संबंधित अधिकारियों व ग्रंथालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि पांडुलिपियों की सूची तैयार कर उनकी विषयवस्तु, भाषा व कालखंड के अनुसार वर्गीकरण किया जाए। साथ ही आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों की मदद लेकर इनके संरक्षण की उन्नत तकनीकों को अपनाया जाए। उन्होंने पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया, जिससे इन्हें ऑनलाइन माध्यम से भी शोधार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान एडिशनल कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, डॉ.जितेंद्र साखरे, डॉ.मंगलानंद झा, पुस्तकालय प्रभारी डॉ.जे मोहन सहित विवि के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पांडुलिपियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।

## हर हफ्ते मेंटनेंस फिर भी रोज हो रही बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोगों को पर्याप्त और निर्बाध बिजली मुहैया कराने के लिए शहर में हर हफ्ते मेंटनेंस किया जा रहा है किंतु हालत यह है कि आए दिन बाद बिजली गुल होते रहती है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों गर्मी पूरे चरम पर है। सुबह से तेज गर्मी ने लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कूलर पंखा आदि का उपयोग कर रहे है किंतु इसी दौरान आए दिन बिजली गुल होने से काफी परेशानी हो रही है। बिजली के गुल होने का सिलसिला देर रात तक जारी रहता है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक शनिवार को मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली गुल कर दिया जाता है। सुधार का यह सिलसिला महीनों से चला आ रहा है किंतु हालत यह है कि शहर की विद्युत व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है।

### लापरवाही पर नजर नहीं

शहर में लगे ट्रांसफार्मरों के आसपास घोर लापरवाही देखी जा रही है जो कभी भी भीषण दुर्घटना का कारण बन सकती है। ट्रांसफार्मर के आसपास लोगों ने दुकान आदि लगाकर रखा है। यहां यह बताना जरूरी है कि गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर के जलने की घटनाएं हो रही है। ऐसा कभी होने पर ट्रांसफार्मर के आसपास लगी दुकानें आगजनी की चपेट में आ सकती हैं।

## 8वीं में नयना साहू रही टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल और स्थानीय परीक्षा परिणामों में गंडई क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने सफलता का नया इतिहास रचा है। कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं के परिणामों में सीमित संसाधनों के बीच पढ़ने वाले बच्चों ने जिले की प्रावीण्य सूची में अपनी जगह बनाई है।

पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो विद्यालय गंडई की छात्रा नयना साहू ने कक्षा 8वीं में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। झुलेंद्र कुमार साहू और दीपा साहू की सुपुत्री नयना की इस असाधारण उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। नयना की इस सफलता से पूरे विद्यालय परिवार और नगर में हर्ष व्याप्त है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल गंडई की कक्षा 5वीं की छात्रा हिमांशी यादव ने जिले में 10 वां स्थान हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। हिमांशी ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। बता दे कि हिमांशी के पिता संतोष यादव दूध बांटने और मजदूरी करते हैं। पिता के पसीने की बूंदों को हिमांशी ने अपनी मेहनत से चमक में बदल दिया है। इस सफलता पर शाला प्रबंधन समिति और शिक्षकों ने उन्हे बधाई दी है।



### 10वीं में पायल प्रथम

पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो विद्यालय में कक्षा 10वीं का परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा पायल साहू पिता डेरहा राम साहू ने 91.83 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। पायल की इस उपलब्धि ने साबित किया कि गंडई की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं हैं। बता दे कि 12वीं में वैभव रत्नाकर ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान लाकर छत्तीसगढ़ में नाम रोशन किया है। अब 5वीं, 8वीं और 10वीं के बच्चों ने भी बेहतर अंक लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

### दिशा की बैठक में हुए शामिल, सांसद संतोष बने निक्षय मित्र

## सांसद ने टीबी मरीजों को प्रदान किए पोषण किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांसद संतोष पांडे ने 27 अप्रैल को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान किया। उन्होंने दो टीबी मरीजों को गोद लेकर निक्षय मित्र के रूप में सहयोग करने का संकल्प लिया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने भी दो टीबी मरीजों को गोद लेकर निक्षय मित्र बने।

जिला क्षय अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया ने बताया कि यह अभियान 100 दिनों तक संचालित होगा। जिसके अंतर्गत जिले के सभी हाई-रिस्क क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा 14 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का निःशुल्क एक्स-रे किया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार ने बताया कि अभियान में 22 वार्ड पार्षद एवं 291 पंचायत प्रतिनिधि सक्रिय रूप से शामिल हैं। अभियान के तहत जिला जेल, अनाथालय, वृद्धाश्रम, बाल संरक्षण गृह, ट्रायबल हॉस्टल सहित अन्य संस्थानों में भी टीबी जांच की जा रही है। इस अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी



### 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान संचालित

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कोई भी व्यक्ति, संस्था, एनजीओ, औद्योगिक इकाई या जनप्रतिनिधि निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद ले सकते हैं और उन्हें 6 माह तक प्रति माह लगभग 500 रुपए राशि का पोषण आहार उपलब्ध करा सकते हैं। इसमें तीन किलो चावल, डेढ़ किलो दाल, 250 मिलीलीटर तेल एवं एक किलो मूंगफली शामिल है। उन्होंने बताया कि जिले में 26 मार्च 2026 से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। अब तक 39 आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिनमें हाई-रिस्क ग्रामों एवं वार्डों के 2 हजार 378 व्यक्तियों का एक्स-रे किया गया है। इसी प्रकार 131 स्कूलों में 2 हजार 919 छात्र-छात्राओं की टीबी जांच की गई है।

## शहर के प्रथम नागरिक के घर से मकान गणना का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जायेगा। गत अप्रैल माह में मकान नम्बरिंग एवं स्व गणना का कार्य किया गया, मकान गणना के लिए जनगणा कार्य में लगे सुपरवाईजर एवं प्रगणक घर घर जाकर निर्धारित बंदुओ पर जानकारी एकत्रित करेंगे। आज निगम सीमाक्षेत्र में मकान सूचीकरण कार्य मोतीपुर वार्ड नं. 8 से शहर के प्रथम नागरिक के घर से मकान गणना कर शुभारंभ किया गया। जहॉ महापौर श्री मधुसूदन यादव ने सुपरवाईजर व प्रगणक को अपनी पारिवारिक जानकारी देते हुए जनगणना कार्य में सहयोग करने नागरिको से अपील किए।

### घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य निगम सीमाक्षेत्र में आज 1 मई से प्रारंभ हो गया। मकान सूचीकरण कार्य 337 ब्लाक में 56 सुपरवाईजर एवं 337 प्रगणको के द्वारा घर घर जाकर मोबाईल के एच.एल.ओ. एप के द्वारा 32 कालम में मकान की स्थिति, परिवार की जानकारी, उपलब्ध सुविधाए और परिवार में मौजुद परिसम्पत्तियो की जानकारी ली जावेगी। आज जनगणना कार्य का शुभारंभ महापौर निवास के किया गया। महापौर श्री यादव द्वारा सुपरवाईजर व प्रगणक को निर्धारित प्रपत्र अनुसार अपने मकान एवं परिवार संबंधी सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।

## खबर संक्षेप

### सोमनी में पंचायत भवन के लिए 20 लाख स्वीकृत

**सोमनी।** ग्राम सोमनी के विकास को नई दिशा देते हुए विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा नवीन पंचायत भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से ग्रामवासियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों में खुशी की लहर है।



ज्ञात हो कि ग्राम सोमनी की विभिन्न समस्याओं को लेकर स्पीकर हाउस कार्यालय, राजनांदगांव में विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में भाजपा ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में भाजपा ग्रामीण मंडल सोमनी के महामंत्री रमन सिंह राजपूत ने ग्राम की समस्याओं को लिखित रूप में प्रस्तुत करते हुए विस्तार से अवगत कराया था। विस अध्यक्ष डा. सिंह ने पंचायत भवन हेतु 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।महामंत्री रमन सिंह राजपूत ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए डॉ. रमन सिंह विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल , पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शुभम उपाध्याय को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

**राजनांदगांव।** फोटोग्राफी और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके राजनांदगांव के शुभम उपाध्याय को पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारानित किया गया है। चांपा-खरसिया में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में शुभम को उनके उत्कृष्ट फोटोग्राफी और पत्रकारिता कार्यों के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया।



पत्रकार कल्याण महासंघ द्वारा पिछले 4 वर्षों से समाज के हर वर्ग के कर्मयोगियों को सम्मानित करने की परंपरा निभाई जा रही है। इस मंच पर न केवल पत्रकारों को, बल्कि साहित्यकारों, कवियों, मितानिनों और समाज के लिए समर्पित हर छोटे-बड़े काम करने वालों को प्रोत्साहन दिया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष राजनांदगांव से शुभम उपाध्याय का चयन उनके बेहतरीन विजुअल कवरेज के लिए किया गया।

### बुद्ध जयंती पर हिंदू जागरण मंच ने किया माल्यार्पण

**राजनांदगांव।** भगवान बुद्ध की जयंती के पावन अवसर पर हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा भरका पारा स्थित बौद्ध मंदिर में पहुंचकर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध के बताए मार्ग अहिंसा, करुणा और सत्य पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है, जो मानवता, शांति और सद्भावना का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने भगवान बुद्ध के चरणों में पुष्प अर्पित कर विश्व शांति एवं समाज की उन्नति की कामना की।

### मजदूर दिवस पर शहीदो को दी श्रद्धांजली

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र टेड़ेसरा सोमनी के श्रमिको ने शिकागो शहर के श्रमिको ने 12 घण्टे से 8 घण्टा कार्य की मांगो को लेकर संघर्ष कर श्रमिक हित में अपनी कुर्बानी देकर देश के श्रमिको को 8 घण्टे की अधिकार दिलाए थे ।

उन शहीद श्रमिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि वर्तमान देश के केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा श्रमिक हित में बने कानून को संशोधन कर ४ श्रम कोड लागू कर मेहनतकशो के अधिकारो को छीन कर पूंजीपतियो को फायदा पहुंचाया जा रहा है जिससे श्रमिको को मिलने वाली सारी सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है । केन्द्र एवं राज्य सरकार से मांग करते है कि पूर्व में बने श्रमिक हित में कानून को यथावत रखा जाए एवं वर्तमान की ४ श्रम कोड को रद्द करने की मांग की है । शहीदो को प्रमुख कार्यकर्ता सुरेन्द्र साहू, अशोक मारकण्डे, नरोत्तम साहू, जगदीश्वर साहू, अशोक चिरवतकर, तोहित खान, रोहित साहू आदि ने श्रद्धांजली दी।

### एमपी एवं महाराष्ट्र निर्मित मदिरा जब्त

**राजनांदगांव।** आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए 11.700 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई है।

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग को प्राप्त सूचना के आधार पर बिना सर्च वारंट के थाना डोंगरगांव ग्राम आरी में प्रदीप राजपूत के मकान की तलाशी ली गई। समक्ष गवाह की उपस्थिति में विधीवत तलाशी लेने पर 76 नग देशी दारू संत्रा महाराष्ट्र निर्मित प्रत्येक में 90 एमएल एवं 27 नग विदेशी मदिरा व्हिस्की मध्यप्रदेश राज्य निर्मित प्रत्येक में 180 एमएल कुल मात्रा 11.700 बल्क लीटर बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत गैरजमानतीय अपराध होने पर प्रकरण कायम किया गया।



### नीट-2026 परीक्षा का आयोजन आज

**राजनांदगांव ।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट-2026 परीक्षा का आयोजन 3 मई 2026 को किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए जिले में कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ 1897 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। सभी केंद्रों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट्स की नियुक्ति की गई है तथा परीक्षा की निगरानी हेतु जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। डीएससीसी सदस्यों द्वारा परीक्षा के दौरान निरंतर निरीक्षण और समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। परीक्षा दिवस पर सभी केंद्रों में अबाधित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सभी केंद्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। परीक्षा केन्द्र परिसर में अनधिकृत अधिकारी एवं बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों के फ्रिस्किंग, रजिस्ट्रेशन, प्रवेश पत्र एवं बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया अधिकृत एजेंसियों द्वारा की जाएगी। सभी केंद्रों में मोबाइल जैमर भी स्थापित कर दिए गए हैं।

## भाजपा नेता की मिथ्या शिकायत, पुलिस की अंधेरगर्दी पर भड़के

# निर्दोष ग्रामीण को प्रताड़ित करने पर भड़के कांग्रेसियों ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शुक्रवार की रात शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के साथ कांग्रेसयों ने सिटी कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। मामला भाजपा नेता की मिथ्या शिकायत पर ग्रामीण को घंटों तक थाने में बैठाए रखने का था। इस मामले को लेकर जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि निर्दोष ग्रामीणों को जबरन थाने में बैठाकर मानसिक प्रताड़ना देना किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बताया गया कि एक मई को ग्राम पारीकला निवासी दीपक दास मानिकपुरी को शाम लगभग चार बजे सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा उठाकर थाने लाया गया। आरोप लगाया गया कि भाजपा नेता पप्पू चंद्राकर की शिकायत पर कार्रवाई की गई, जबकि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने इस शिकायत को पूरी तरह झूठा बताया। इसके बावजूद थाना प्रभारी निरीक्षक मिलन सिंह ने दीपक को करीब पांच घंटे तक बिना किसी ठोस आधार के थाने में बैठाए रखा।

घेराव के दौरान इकरामुद्दीन सोलंक, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, दादू मेश्राम, प्रेम रुचंदानी, देवेश वैष्णव, एनी माखिजा, राजा तिवारी, ललित मरकाम, राजिक सोलंकी, अमर झा, गजेंद्र सिंह राजपूत, नरेश साहू, जयदीप ढल्ला, जय जायसवाल, राज खान, सोनू साहू, रितेश महानंद, अभिषेक यादव, धीरेंद्र जांगड़े, सोनू साहू,निखिल सोनी , भूरू गोरी, बाबा राठौर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



### आदोंलन की दी चेतावनी

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि यह घटना पुलिस के कदाचार और अधिकारों के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई गईं तो कांग्रेस सड़क से लेकर हर स्तर तक बड़ा आंदोलन करेगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेगी।

### घेराव के बाद ग्रामीण रिहा

मामले की जानकारी मिलते ही शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सिटी कोतवाली पहुंचे और थाना प्रभारी का घेराव किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जवाब मांगा तो संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका। मुदलियार की सख्त चेतावनी के बाद ही पुलिस ने ग्रामीण को छोड़ा।

### भाजपा नेता के इशारे पर प्रताड़ना

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पूरे घटनाक्रम में शिकायतकर्ता भाजपा नेता को थाने बुलाना तक जरूरी नहीं समझा गया, जिससे पुलिस की भूमिका संदेहास्पद हो जाती है। निर्दोष ग्रामीण को जेल भेजने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जबकि उसके परिजन लगातार परेशान होते रहे।

## अनलोडिंग करते ट्राली पलटी, बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रेक्टर ट्राली के पलटने से एक बालक की मौत हो गई थी, बालक के शव को दूसरे खेत में डाल दिया गया था। इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार गेंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रघुवीर सिंह मंडावी निवासी मातेखेड़ा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30अप्रेल को वह अपनी पत्नि व पुत्री के साथ शादी समारोह में ग्राम अमलीडी गया हुआ था । रात में विवाह समारोह से वापस हो गया , 1मई के सुबह उनका नाबालिक पुत्र घर पर नही दिखा तब घर में अपनी सास से पुछताछ करने पर बच्चे को 30अप्रेल के शाम गांव का जशवंत नेताम बिना बताये अपने साथ ट्रेक्टर में ले गया बताया जो सुबह तक घर पर नही आना बतायी । प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला में धारा- 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

इस मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुये संदेही जशवंत नेताम को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया, जो बताया कि 30 अप्रैल को गांव के ओमप्रकाश साहू के खेत को ट्रेक्टर से समतलीकरण करने हेतु मिट्टी को ट्रेक्टर में भरकर एक खेत से दुसरे खेत में लोडिंग–अनलोडिंग करने नाबालिक बच्चे को घर वाले को बिना बताये अपने साथ ट्रेक्टर में बैठाकर ले गये।

### ट्राली में दबा था बालक

ट्रेक्टर मालिक ओमप्रकाश साहू के साथ उनके खेत में पहूंच कर ट्रेक्टर की ट्राली में मिट्टी भरकर दुसरे खेत में अनलोड कर रहे थे। यह जानते हुये कि ट्रेक्टर लोडिग अनलोडिग का काम जान जोखिम भरा हैं, नाबालिक बालक को ट्रेक्टर को अनलोडिग करते समय ट्राली के हुक को खोलने जशवंत नेताम एवं ओमप्रकाश साहू के द्वारा बोला गया इसी दौरान ट्रेक्टर को जशवंत नेताम चला रहा था। जो आगे- पीछे करते समय ट्राली पटल गयी , जिससे में नाबालिक बालक ट्राली में दब गया जिससे तत्काल मौके पर उनकी मृत्यु हो गयी।

### शव को दूसरे स्थान पर फेंका, दो पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार रात में ही वाहन चालक जशवंत व वाहन स्वामी ओमप्रकाश साहू एक राय होकर भावेश के शव व साक्ष्य को छुपाने के नियत से शव को ट्रेक्टर ट्राली में भरकर उक्त स्थान से ट्रेक्टर में शव को दुसरे गांव केशोटोला के खेत में फेंक दिया । आरोपियों के निशानदेही पर ग्राम केशोटोला के खेत में भावेश मंडावी के क्षत विछत शव को विधिवत बरामद कर शव पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्डम सीएचसी छुरिया रवाना किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी जशवंत नेताम व ओमप्रकाश साहूं , के विरूद्ध सुसंगत धारा जोड़कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश साहू , सहायक उपनिरीक्षक मेघनाथ सिन्हा, हेमंत बोरकर ,आरक्षक नरेश प्रधान , भुपेन्द्र मंडावी की विशेष भुमिका रही हैं ।

## समस्या पर मेयर से मिले वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड क्रमांक 45 अंतर्गत सना सिटी गली नंबर 2 में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को लेकर आज क्षेत्रवासियों ने वार्ड पार्षद दुरेंद्र साहू के नेतृत्व में नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया।

क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि पानी की अनियमित आपूर्ति एवं पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होने के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ड पार्षद दुरेंद्र साहू ने महापौर के समक्ष क्षेत्र की स्थिति को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि बढ़ती आबादी के अनुसार पेयजल व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है, ताकि नागरिकों को नियमित एवं सुचारू रूप से पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने सना सिटी गली नंबर 2 में शीघ्र इंटर कनेक्शन कार्य कराकर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग रखी।

जनसमस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए इंटर कनेक्शन कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के आदेश दिए। क्षेत्रवासियों तत्काल कार्रवाई संबंधी निर्देश दिए जाने को लेकर महापौर मधुसूदन यादव एवं वार्ड पार्षद दुरेंद्र साहू का आभार व्यक्त किया।

## आईपीएल सट्टा, दबिश पर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आईपीएल सट्टा खिलाने वालों पर पुलिस की कार्रवाई अभियान जारी है। सटटा खिलाने की सूचना पर बसंतपुर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कार्रवाई की है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में क्रिकेट सट्टा पर लगातार कार्रवाई की जा रही है ।इसी कड़ी मे थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

### मुख्य आरोपी फरार, सरगर्मी से तलाश

पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी राकेश उमरे फरार है, जिसकी पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर,उप निरीक्षक देवदास भारती, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, राजेश बंदेश्वर एवं आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने खेल संगठनों के साथ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे राजनांदगाँव

क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रशांत महांकर एवं प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय का एक दिवसीय प्रवास राजनांदगांव में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशांत महांकर एवं सुमित उपाध्याय ने खिलाड़ियों, विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों एवं संगठन के कार्यकर्ताओं से भेंट कर संवाद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः क्रीड़ा केंद्र में हुई, जहां श्री महांकर एवं श्री उपाध्याय ने बास्केटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आरएसएस जिला संघचालक राधेश्याम शर्मा, धीरज कन्नौजे, दीपेश पटेल, शिवम यादव, कोच राजेश्वर राव एवं श्रीमती राधा राव जी उपस्थित रहे।

### जिला कार्यकारिणी की बैठक

इसके पश्चात प्रशांत महांकर एवं सुमित उपाध्याय की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष धीरज कन्नौजे, जिला मंत्री शिवम यादव, बुद्धेश्वर साहू, प्रिंस भाटिया, दुर्गेश यादव, विकास साहू एवं रजत खूंटेल उपस्थित रहे।

अंत में श्री महांकर एवं श्री उपाध्याय ने विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों के साथ भेंट की, जिसमें श्री रणविजय सिंह, श्री देवेंद्र ठाकुर, श्री अभिषेक जी सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रशांत महांकर एवं सुमित उपाध्याय ने खेलों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने एवं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया।

### नित्य योगा जरूरीः महांकर

श्री महानकर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये आह्वान किया कि खिलाड़ी अपने नित्य जीवन में योग प्राणायाम और ध्यान को शामिल करे जिससे उनकी आंतरिक शक्ति मज़बूत हो और उनको खेल की क्षमता बढ़ाने में सहायता हो, उन्होंने कहा कि केवल मेडल के लिए ही नहीं बल्कि आनंद और शरीर स्वस्थता के लिए भी खेलना चाहिए। समाज में खेल के क्षेत्र में कार्य करने वाले अनेक संगठनों को भी उन्होंने आभार व्यक्त किया।

## क्रिकेट अकादमी को पांच एकड़ जमीन, खिलाड़ियों ने जताया आभार

- मिली आधुनिक क्रिकेट सुविधाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है।

शहर में आधुनिक क्रिकेट अकादमी के साथ शासन ने रियायती दर पर पांच एकड़ जमीन मुहैय्या कराने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिले में स्टेडियम, खेल मैदानों के समतलीकरण एवं आधुनिक क्रिकेट अकादमी के निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।



जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने मंत्रिपरिषद के माध्यम से आधुनिक क्रिकेट अकादमी के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी थी, जिसे राजनांदगांव के विधायक डॉ रमन सिंह , प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं खेल मंत्री श्री अरुण सावजी के प्रयासों से मंजूरी मिल गई। इसके लिए स्वर्गीय रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा के नाम दर्ज भूमि में से 5 एकड़ भूमि रियायती दर पर आवंटित करने का प्रस्ताव पास हुआ। खिलाड़ियों में प्रसन्नता व्याप्त है।

### मिलेगा बेहतर मंच

इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि यदि यह योजना मूर्त रूप लेती है तो जिले के खिलाड़ियों सहित आसपास के वनवासी अंचल के युवाओं को उच्चस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। खासकर क्रिकेट के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा और राजनांदगांव क्रिकेट के क्षेत्र में नई पहचान बना सकेगा।

### जनप्रतिनिधियों व सदस्यों की उपस्थिति

सौजन्य भेंट मुलाकात के दौरान विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक ललित चंद्राकर, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया , जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से अजय पांडे एवं अन्य पदाधिकारियों सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने कहा कि खेल सुविधाओं का विकास केवल खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का भी माध्यम है। ऐसे प्रयासों से जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को दूर रखने में मदद मिलेगी।

## नगर निगम प्रशासन ने की कार्रवाई

# विद्युत पोल में लगे 310 पोस्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में शहर के विभिन्न क्षेत्रो से विद्युत पोलों में बिना अनुमति लगे छोटे बड़े पोस्टर व फ्लेक्स को निगम की टीम ने हटाई।



निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/ संस्थानों/ व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/ निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/ फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है, जो कि छग विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे। निर्देशानुसार निगम की टीम द्वारा अवैध बोर्ड हटाने की कार्यवाही समय समय पर कर रही है।

कार्यवाही के तहत निगम सीमाक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों महावीर चौक से आरके नगर चौक तक, महाराणा प्रताप चौक, कमला कालेज रोड, गौरव पथ, रायपुर नाका से आम्बेडकर चौक के विद्युत व अन्य पोलो में छोटे बड़े पोस्टर लगाकर नगर निगम की बिना अनुमति के विज्ञापन प्रकाशन किया जा रहा था। इस संबंध में संबंधितो को समझाईस भी दी गयी थी। जिस पर कार्यवाही करते हुए उपरोक्त क्षेत्र में लगे 310 छोटे बड़े बेनर पोस्टर, फ्लेक्स हटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त ने कहा है कि बिना अनुमति के बेनर, पोस्टर या किसी भी प्रकार का विज्ञापन बोर्ड लगाने पर संबंधित के विरूद्ध निगम प्रावधानों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

**आवश्यकता है**

1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 5 पद (वेतन 10,000/-) (डीसीए, पीजीडीए वाले युवक-युवतियों को प्राथमिकता)
2. मेकेनिक - 4 पद (वेतन 9,000/-)
3. ड्राईवर एवं सहायक - 4 पद (वेतन 9 से 10,000/-)
4. गोदाम कीपर - 1 पद (वेतन 10,000/-)

सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.

**मे. पदमा गैस एजेंसी**
मोगरा कालोनी डोंगरगांव


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

### सड़क की कटिंग करवा कर की जांच, नहर लाइनिंग व एनीकट निर्माण की परखी गुणवत्ता

# वनांचल क्षेत्रों में विकास कार्यों की सख्त निगरानी, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ विभिन्न निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के बैगा बाहुल्य इलाकों में चल रहे विकास कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं निर्माण स्थलों पर पहुंचकर जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से ग्रामीणों तक पहुंच सके। इसी कड़ी में उन्होंने आज पंडरिया विकासखंड के ग्राम कमराखोल, रहमानकांपा और अमनिया में विभिन्न निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम कमराखोल में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत बन रही सड़क, रहमानकांपा में हाफ नदी पर नहर लाइनिंग कार्य तथा ग्राम अमनिया के कन्हैया नाला में निर्माणाधीन एनीकट कम काजवे का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और तकनीकी अमले से कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और सभी कार्यो को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मुनमुना से कमराखोल तक बन रही सड़क का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्ता जांच के लिए सड़क की कटिंग करवाई। इससे सड़क की मोटाई और उपयोग किए गए मटेरियल की मजबूती की परख की गई। उन्होंने सड़क की चौड़ाई भी मापकर जांची। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शोल्डर और फर्नीचर का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाएगा।

कलेक्टर ने ठेकेदार और इंजीनियर को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए तथा मटेरियल की मात्रा में किसी प्रकार की कमी न हो। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। इस दौरान पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, कार्यपालन अभियंता मनोज पराते, संतोष ठाकुर, दिलीप राजपूत, जनपद सीईओ अमित दुबे व अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

#### कलेक्टर ने नहर लाइनिंग कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



कलेक्टर श्री वर्मा ने रहमानकांपा में ग्राम बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना, फीडर कार्य, रामतला जलाशय के शीर्ष कार्य, नहरों के री-मॉडलिंग एवं लाइनिंग तथा विस्तार कार्यों का भी जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने भू-अर्जन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर किसानों को मुआवजा दिलाने और नहर कनेक्शन कार्य इसी वर्ष पूरा करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि वनांचल क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।

#### अमनिया में एनीकट निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने इसके बाद ग्राम अमनिया के कन्हैया नाला में निर्माणाधीन एनीकट कम काजवे का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि किसानों को शीघ्र लाभ मिल सके। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि लगभग 3.67 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रहे इस एनीकट से निस्तारी, भू-जल संवर्धन, पेयजल आपूर्ति, आवागमन सुविधा तथा सोलर संयंत्र और पाइपलाइन के माध्यम से लगभग 58 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



# मानव सेवार्थ : सीता-रसोई में वाटर कूलर प्रदान किया

■ विधायक धर्मजीत सिंह की सेवा कार्य के लिए सराहनीय पहल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया में विगत 6 माह से मानव सेवार्थ मानव सेवा समिति द्वारा सीता-रसोई में 30 रुपए में जरूरतमंद लोगो को स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिस पर विधायक धर्मजीत सिंह एवं श्रीमती शशि सिंह द्वारा सीता-रसोई में सेवा भावना की प्रशंसा की गई और समय समय पर समिति को सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। वहीं आज विधायक द्वारा आपने पूज्य माता-पिता स्व. कल्पनाथ सिंह, स्व. श्रीमती किशोरी देवी, बड़े भाई स्व. रणजीत सिंह की स्मृति में सीता-रसोई में लोगो को ठंडा पेयजल के लिए एक वॉटर कूलर समिति को समर्पित किया गया।

सीता-रसोई के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, सचिव शैलेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष हरीश जैन, चन्द्रकुमार सोनी, नवलकिशोर पांडेय, कल्याण सिंह ठाकुर, सत्येन्द्र चौहान, रोशन जैन, दिलीप जैन, संतोष साहू, सुमित तिवारी, पवन पाठक, प्रहलाद मिश्रा, शिवम गुप्ता, भास्कर देवांगन सभी ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 8वीं में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया

**कोलेगांव।** केंद्रीकृत कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा-2026 में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र में खुशी का माहौल बना दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा में कुल 40 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें 29 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय की छात्रा काजल चंद्रवंशी ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रीति साहू ने 92.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा दिव्य साहू ने 92.17 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भूपेंद्र कौशल्या ने 92 प्रतिशत, गौकरण साहू ने 92 प्रतिशत, मंजूलिका ने 92 प्रतिशत, प्राची ने 91 प्रतिशत, नमन ध्रुव ने 90.70 प्रतिशत, टिकेश्वरी ने 89.50 प्रतिशत, राधिका साहू ने 88.30 प्रतिशत, श्रेया ने 88.50 प्रतिशत, वैभव ने 87.33 प्रतिशत, प्रियंका यादव ने 86.17 प्रतिशत, ममता ने 84.50 प्रतिशत, भारती ने 83 प्रतिशत तथा आकांक्षा ने 82.70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, अपने परिवार और गांव का नाम रौशन किया। इस शानदार सफलता पर संस्था प्रमुख एवं प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, शिक्षिका सुश्री राजकुमारी तांती, श्रीमती शकुंतला यदु, उत्तम कुमार वर्मा, रामपाल चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, बली चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू, नारद साहू, दिनेश कोरिया सहित समस्त पालकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पंडरी-पथरा के बैगा डूबान के बाद बेघर, जंगल से भी बेदखली का डर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्राम पंडरीपथरा के बैगा आदिवासी परिवार इन दिनों दोहरी समस्या से जूझ रहे हैं। एक ओर सरोधा बांध के डूबान क्षेत्र में आने से उनका पुराना गांव और आशियाना छिन गया, तो दूसरी ओर अब जहां उन्होंने अस्थायी रूप से शरण ली है, वहां से भी उन्हें बेदखल किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। इससे प्रभावित परिवारों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

सरोधा बांध के निर्माण के चलते पंडरीपथरा गांव डूबान क्षेत्र में आ गया था। इसके बाद यहां के प्रभावित परिवार बांध के सामने स्थित वनक्षेत्र में जाकर बस गए। उन्होंने वहां झोपड़ियां बनाकर किसी तरह जीवन-यापन शुरू किया, लेकिन अब वन विभाग उन्हें इस जमीन से हटाने के लिए लगातार नोटिस जारी कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रभावितों का कहना है कि उनके पास अब रहने के लिए कोई स्थायी स्थान नहीं बचा है। पहले ही वे अपने पुराने घरों से विस्थापित हो चुके हैं और अब नई जगह पर भी अस्थिरता बनी हुई है। ऐसे में उनके सामने जीवनयापन का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि जिस वनक्षेत्र में वे रह रहे हैं, वह सरोधा बांध उद्यान के पास स्थित है, जहां पर्यटकों की आवाजाही भी होती है। इसी क्षेत्र में उन्होंने अस्थायी झोपड़ियां बनाकर रहना शुरू किया है। कुछ परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की स्वीकृति भी मिली है, लेकिन वनभूमि होने के कारण उन्हें निर्माण की अनुमति नहीं मिल पा रही है। प्रभावित परिवारों की मांग है कि उन्हें या तो उसी स्थान पर बसने की अनुमति दी जाए और वन पट्टा देकर आवास निर्माण की सुविधा दी जाए या फिर उन्हें किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर जमीन और पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

#### कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार

इस समस्या का अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। इससे नाराज होकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है और जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। इस मुद्दे पर स्थानीय राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रभावित परिवारों के समर्थन में सामने आए हैं और उनकी आवाज बुलंद करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं प्रशासनिक अधिकारी नियमों और प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आ रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि जिला प्रशासन इस गंभीर मानवीय समस्या का क्या समाधान निकालता है और क्या इन बैगा आदिवासी परिवारों को स्थायी रूप से बसाने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं या नहीं।

### छात्र युवराज साहू कक्षा 5वीं व छात्रा खुशबू साहू ने 8वीं में किया टॉप

**कवर्धा।** शहर के रानी दुर्गावती चौक में स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कवर्धा के कक्षा 5वीं में अध्यनरत छात्र युवराज साहू ने पूर्णांक 200 में 198 अंक अर्जित कर 99 प्रतिशत के साथ जिले के टॉप लिस्ट में अपना नाम अंकित किया। वहीं कक्षा 8वीं की छात्रा खुशबू साहू ने पूर्णांक 600 में से 584 अंक के 97.33 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर कवर्धा शहर, स्कूल एवं अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रौशन किया। जिस पर स्कूल के जन भागीदारी के अध्यक्ष राजा पियूष टाटिया एवं अन्य सभी पदाधिकारी गण, प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व मित्रगणों ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कुण्डा-दामापुर क्षेत्र की पानी टंकियां बनी शोपीस, जल जीवन मिशन फेल

## भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत कोलेगांव, कुण्डा और दामापुर क्षेत्र के कई गांवों में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई पानी टंकियां आज भी ग्रामीणों के लिए केवल शोपीस बनकर रह गई हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में जब लोगों को सबसे अधिक पानी की जरूरत है, तब इन गांवों के ग्रामीण पेयजल संकट से जूझने को मजबूर हैं। ग्राम बसनी, धनेली, भटरूसे, कंझेटी, पथरी, पीपरमाटी, कंझेटा, अमलीमालगी, कुआंमालगी सहित कुण्डा-दामापुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में नल-जल योजना के तहत पानी टंकियों का निर्माण कराया गया था। उद्देश्य यह था कि ग्रामीणों को घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके और उन्हें पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना न पड़े।

लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। अधिकांश गांवों में पानी टंकियां तो बनकर तैयार हैं, लेकिन उनमें से कई अब तक चालू नहीं हो पाई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि घरों के सामने नल कनेक्शन और टोटियां भी लगा दी गई हैं, जिससे उम्मीद जगी थी कि अब घर बैठे स्वच्छ पानी मिलेगा। लेकिन पानी टंकियां बंद पड़ी होने के कारण नलों तक पानी पहुंच ही नहीं रहा है। नतीजतन, ग्रामीणों को आज भी हैंडपंप, कुओं और खेत-खलिहानों के बोर पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

कई जगहों पर महिलाएं और बच्चे सुबह-शाम पानी के लिए भटकते नजर आते हैं। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी भी है कि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उनका कहना है कि जब गांवों में पानी टंकी और पाइपलाइन की व्यवस्था मौजूद है, तो फिर गर्मी के मौसम में पेयजल संकट झेलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

#### शासन की महत्वाकांक्षी योजना का वास्तविक लाभ से वंचित

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन के तहत निर्मित बंद पड़ी पानी टंकियों की तत्काल जांच कराई जाए और जहां तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से कार्य बंद है, उसे शीघ्र शुरू कराया जाए। उनका कहना है कि गर्मी के इस कठिन समय में यदि पानी टंकियां चालू हो जाएं तो हजारों ग्रामीणों को राहत मिल सकती है और शासन की महत्वाकांक्षी योजना का वास्तविक लाभ गांव-गांव तक पहुंच सकेगा।

### ट्राइसिकल पाकर उत्साहित हुए केदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सुशासन तिहार से कवर्धा निवासी केदारी साहू के जीवन में फिर से मुस्कान लौट आई है। दिव्यांग श्री साहू को सिर्फ मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल ही नहीं, फिर से काम शुरू करने का भी हौसला मिला है। मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल मिलने से अब उन्हें आने-जाने में आसानी होगी और वे अपना पुराना काम दोबारा शुरू कर सकेंगे। इससे उनकी आय के साधन फिर से मजबूत होगा और परिवार की स्थिति में भी सुधार आएगा। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की संवेदनशील पहल लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगा रही है।

# संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं, 8वीं और 5वीं के छात्र छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। बताया जाता है कि कक्षा 10वीं में कुल 10 विद्यार्थियों में से 6 प्रथम श्रेणी, 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 1 छात्र पूरक तथा 1 छात्र असफल रहा।

जिसमें ज्योति यदु ने 72.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ओंकारेश्वरी यदु 70.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा संतोषी चंद्राकर 65.50 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।



वहीं कक्षा 8वीं के परिणाम भी बेहद शानदार रहे, कुल 23 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हिमांशु साहू ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्नेहा साहू 95.67 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा संजय साहू 95.17 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही साथ कक्षा 5वीं में कुल 48 विद्यार्थियों में से 45 प्रथम श्रेणी तथा 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 1 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहने के कारण असफल घोषित हुआ। इस कक्षा में लुशिका साहू ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हितेश साहू 92.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा टीकेश्वरी साहू 91 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन पर संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करने का आर्शीवाद दिया।

### कक्षा 10वीं व 12वीं में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

# बोर्ड परीक्षा में पाण्डातराई स्कूल का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

विगत दिवस छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डातराई के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जहां कक्षा 10वीं में 131 विद्यार्थियों परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 58 से अधिक छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया वहीं 45 से अधिक विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण हुए।

वहीं कक्षा 12वीं में 101 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 55 से अधिक विद्यार्थी मेरिट सूची में स्थान बनपाए तथा 30 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया।

इस प्रकार पूरे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। जहां कक्षा 10वीं में 5 छात्राओं ने जिले के टाप टेन में शामिल रहे, जिसमें छात्रा मान्या सोनी ने 96 प्रतिशत अंक के साथ जिले में तृतीय स्थान, छात्रा दीक्षा मिश्रा ने 95.16 प्रतिशत अंक के साथ जिले में पांचवें स्थान, छात्र पृथ्वीराज सिंह ने 95 प्रतिशत अंक के साथ जिले में छठवे स्थान, छात्रा निधि वर्मा 94.83 प्रतिशत अंक के साथ जिले में सातवे स्थान व गोपेश जायसवाल 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवें स्थान प्राप्त किया।वहीं कक्षा 12वीं में छात्रा सुनैना पटेल 93.60 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरे स्थान पर रही। इस प्रकार कक्षा 10वीं में 15 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया साथ ही साथ गणित व हिंदी विषयों में 7 से अधिक विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। इस तरह कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

#### प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मानित

विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल दास गुप्ता ने बताया कि प्रावीण्य सूची में रहने वाले छात्र छात्राओं को सरस्वती शिशु मंदिर परिवार की ओर से एक लाख रूपए से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल दास गुप्ता, अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, नरोत्तम दास गुप्ता, रघुनंदन गुप्ता, सुभाष गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, सुचिता गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक चन्द्रवंशी, प्रधानाचार्य लवकेश गुप्ता, ओंकार चन्द्रवंशी तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### परिवहन आरक्षक परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी

**कवर्धा।** व्यापमं के माध्यम से बीते माह 19 अप्रैल को परिवहन आरक्षक पदों की लिखित भर्ती परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी व्यापमं के वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं।

### भोरमदेव जंगल सफारी का शुभारंभ आज

**कवर्धा।** भोरमदेव जंगल सफारी का भव्य शुभारंभ 3 मई को किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा अध्यक्षता वनमंत्री केदार कश्यप करेंगे।

# अपने खर्च पर टीचर्स एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट में दायर करेगा केविएट

**पूर्व सेवा से पेंशन लेने हर संभव प्रयास रखेंगे जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छग टीचर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रांतीय वर्चुअल बैठक में शिक्षक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पेंशन के संबंध में दिए गए फैसले को सुरक्षित रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट में केविएट दायर किया जाएगा। इसके लिए किसी भी सामान्य शिक्षक से कोई आर्थिक सहयोग नहीं लिया जाएगा। कैविएट में आने वाले खर्च का वहन टीचर्स एसोसिएशन द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि मूल याचिकाकर्ता शिक्षकों की सराहना करते हुए तय किया गया कि प्रत्येक जिला में बैठक आयोजित कर शिक्षकों को किसी के बहकावे में न आने के लिए जागरूक किया जाएगा। एसोसिएशन ने अनावश्यक रूप से राशि एकत्र करने वालों से सतर्क रहने तथा पेंशन की मांग के लिए शिक्षकों को एकजुट रहने की अपील किया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल बैठक में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा 23 जनवरी एवं 17 फरवरी 2026 को दिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर से कहा कि हम शिक्षकों के हक की लड़ाई को अंतिम छोर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाईकोर्ट का फैसला हमारे संघर्ष की जीत है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में केविएट के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा एकतरफा आदेश प्राप्त न किया जा सके और न ही स्थगन मिले। सांगठनिक स्तर से भी संविलियन पूर्व प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पूर्ण पेंशन के लिए सरकार से विभिन्न माध्यम से चर्चा किया जाएगा। प्रांतीय वर्चुअल बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, वाजिद खान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, मनोज सनाढ्य, शैलेन्द्र पारीक, कबीरधाम जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

#### शासन, डीपीआई व डीईओ के देंगे आवेदन

जिन याचिकाकर्ता शिक्षकों का माननीय उच्च न्यायालय के सिंगल बेंच से निर्णय पारित हुआ है, वे छग शासन, डीपीआई, डीईओ व संबंधित कार्यालयों में फैसले की कॉपी के साथ आवेदन देकर पावती सुरक्षित रखेंगे। साथ ही जो शिक्षक न्यायालय नहीं गए थे, उन्हें भी इस मुहिम के लिए तैयार रहना है।




#### हाईकोर्ट के फैसले की मुख्य बातें

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष व याचिकाकर्ता डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि संविलियन से पूर्व की गई सेवा को अप्रासंगिक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सेवा की निरंतरता, कार्य की प्रकृति, वेतन के स्रोत और प्रशासनिक नियंत्रण के साथ-साथ संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया है कि पेंशन कोई खैरात नहीं, बल्कि एक कल्याणकारी योजना है, जिस पर कर्मचारियों का अधिकार है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार को पुरानी पेंशन के लिए स्पष्ट नीति बनाने कहा गया है।

**समस्या:** धूलभरी आंधी में लोगों का सड़कों में चलना हो रहा मुश्किल

# अंचल में मौसम बरपा रहा कहर आंधी और पॉवर कट बनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

बीते कुछ दिनों से कवर्धा सहित आसपास के अंचलों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बिगड़ा हुआ नजर आ रहा है। सुबह जहां तेज धूप लोगों को झुलसा रही है, वहीं दोपहर बाद अचानक मौसम करवट ले रहा है और तेज आंधी, तूफान, धूलभरी हवाएं तथा हल्की बारिश का सिलसिला शुरू हो जा रहा है।

इस अनिश्चित मौसम ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है और लोगों के लिए यह किसी मुसीबत से कम नहीं रह गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले तीन दिनों से सुबह होते ही आसमान साफ रहता है और चटख धूप निकलती है, जिससे तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होती है। लेकिन दोपहर ढलते ही अचानक काली घटाएं छा जाती हैं और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान शुरू हो जाता है।

कई बार इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश भी देखने को मिल रही है, जिससे मौसम का मिजाज और अधिक अस्थिर हो गया है। इस बदलते मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी धूलभरी आंधी से हो रही है। तेज हवाओं के साथ उड़ती धूल लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गई है।

सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है, वहीं दुकानदारों और राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूल के कारण जहां एक ओर लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। तेज आंधी-तूफान के कारण कई तरह के जोखिम भी सामने आ रहे हैं। पेड़ों के गिरने की आशंका बनी हुई है, जिससे आवागमन बाधित हो सकता है।

वर्तमान में चल रहे शादी-विवाह के सीजन में पंडाल उड़ने और आयोजन प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचने और किसानों की फसलों को भी क्षति होने की आशंका है। आकाशीय बिजली गिरने का खतरा भी लोगों में भय का कारण बना हुआ है।

#### केला, पपीता जैसी फसलों को नुकसान



यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में किसानो द्वारा पारंपरिक फसलों के अलावा उद्यानकी खेती भी की जाती है। जिसके तहत केला, पपीता, आम, ड्रेगन फ्रूट जैसे फलों की भी खेती की जाती है। लेकिन अधिक ऊंचाई के इन पेड़ों को इन दिनो चल रही तेज आधी तूफान भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। केला, पपीता जैसे फलों के कमजोर पेड़ कम बेग की आंधी में भी धाराशाही हो रहे हैं जिससे किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### मौसम बदलते ही हो रही घंटों के लिए बिजली गुल

इधर, भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। स्थिति यह है कि हल्की हवा चलते ही बिजली विभाग द्वारा एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। कई बार मौसम सामान्य होने के बाद भी घंटों तक बिजली बहाल नहीं की जाती, जिससे लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल हो रहे हैं। घरों, दुकानों और दफ्तरों में कामकाज प्रभावित हो रहा है।

#### शनिवार को भी तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी

शनिवार को भी कवर्धा नगर में इसी तरह का नजारा देखने को मिला। सुबह से ही तेज धूप रही, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काली घटाएं छा गईं और तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। इस दौरान बिजली विभाग ने एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी, जो लंबे समय तक बहाल नहीं हो सकी। इससे लोगों को गर्मी और उमस के बीच काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर, इन दिनों मौसम का यह अनिश्चित और उग्र रूप लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। एक ओर जहां गर्मी से राहत की उम्मीद रहती है, वहीं दूसरी ओर आंधी-तूफान और बिजली कटौती नई समस्याएं खड़ी कर रही हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और प्रशासन से बेहतर प्रबंधन की उम्मीद है, ताकि इस तरह की परिस्थितियों में जनजीवन को सुचारू बनाए रखा जा सके।

# पांच दिनों से लापता ग्रामीण का आगर नदी के पास पेड़ से लटका मिला शव, इलाके में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



ग्राम छीरपानी निवासी 55 वर्षीय सेवाराम साहू, जो पिछले पांच दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता थे, उनका शव शनिवार को सुबह गांव से करीब दो किलो मीटर दूर आगर नदी के किनारे एक बरगद के पेड़ पर लटका पाया गया।

इस घटना के बाद से आसपास के गावों में सनसनी का माहौल है। गौरतलब है कि सेवाराम साहू बीते सोमवार, 27 अप्रैल को घर से नदी नहाने जाने की बात कहकर निकले थे और तब से लापता थे। परिजनों ने कुकदुर थाने में मामला दर्ज कराया था और लगातार उनकी तलाश कर रहे थे।

इस संबंध में बीते कल के हरिभूमि अंक में खबर भी प्रकाशित हुई थी, जिसमें उनके मोबाइल की घंटी बजने पर भी फोन न उठने जैसे चौंकाने वाले तथ्यों का उल्लेख था। जिसे देखते हुए पहले ही किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त की जा रही थी।

#### चरवाहे ने दी मृतक के परिजनो व ग्रामीणों को सूचना

शनिवार की सुबह जब एक बकरी चराने वाला ग्रामीण आगर नदी की ओर गया, तो उसने पेड़ पर लाश लटकते देख ग्रामीणों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान सेवाराम साहू के रूप में की। कुकदुर पुलिस को इस घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, जिसके पीछे घरेलू वाद-विवाद की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।

#### पंडरिया की बेटियों ने लहराया सफलता का परचम

**हरिभूमि/पंडरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस), पंडरिया की छात्राओं ने ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। कबीरधाम जिले की टॉप-10 सूची मं जिगह बनाकर इन छात्राओं ने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं की छात्रा वैभवी तिवारी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कबीरधाम जिले की टॉप-10 सूची में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी कक्षा की मानसी गुप्ता ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत अंकों के साथ जिले की मेरिट सूची में अपनी जगह सुरक्षित की। इसके अतिरिक्त, करिश्मा साहू 90.4 प्रतिशत और रागिनी चौरसिया 88 प्रतिशत ने भी शानदार अंक अर्जित किए हैं। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के परिणामों में भी विद्यालय का दबदबा कायम रहा। छात्रा पायल जायसवाल ने 92.8 प्रतिशत और पलक सोनी ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के 20 अन्य विद्यार्थियों ने भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर संस्था को गौरवान्वित किया है। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार शुक्ला एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष नवल किशोर पांडेय ने हर्ष व्यक्त किया है।

# यू लाइट स्कूल बोड़ला का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत




हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर के प्रतिष्ठित न्यू लाइट इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक के स्थानीय एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम हाल ही में घोषित किए गए जिसमें विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक डॉ. प्रेमकांत मिश्रा ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, प्राचार्य आलोक पाण्डेय ने बताया कि कक्षा दसवीं बोर्ड का यह विद्यालय का पहला वर्ष था और पहले ही प्रयास में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त होना गर्व की बात है।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में हर्षोल्लास देखा गया। विद्यालय परिवार ने आने वाले वर्षों में और भी बेहतर परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया है।

# दसवीं टॉपर रिया के घर पहुंचे कलेक्टर, मीठा खिलाकर दी बधाई व शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कवर्धा की छात्रा रिया केशरवानी ने पूरे प्रदेश की मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल किया। रिया ने 600 में से 593 अंक प्राप्त कर 98.83 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं, जो उनकी कड़ी मेहनत और लगन का प्रमाण है।

रिया की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। रिया के रिजल्ट की घोषणा के बाद से छात्रा के घर सांसद संतोष पांडेय समेत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और विधायक भावना बोहरा ने फोन कर बधाई दी, वहीं रिया के इस शानदार सफलता पर कलेक्टर गोपाल वर्मा खुद उनके घर पहुंचे और उन्हें, उनके माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने कहा कि रिया ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे कवर्धा जिले का नाम रोशन किया है।

उन्होंने रिया को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे की पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन भी दिया। कलेक्टर वर्मा ने कम नंबर आने वाले छात्रों को भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों को इस बार अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है, वे निराश न हों। रिया की सफलता से प्रेरणा लेकर निरंतर मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी।



#### ऑनलाइन कोचिंग का प्रयास

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। रायपुर के कुछ कोचिंग संस्थानों से चर्चा चल रही है, ताकि ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था की जा सके। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगे बढ़े और जिले का नाम रोशन करें।

# सोखता गड्ढा निर्माण का किया प्रायोगिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यवहारिक एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में स्किल इन्हेंसमेंट कोर्स के तहत सोखता गड्ढा निर्माण विषय पर एक विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि सोखता गड्ढा वर्षा जल एवं घरेलू अपशिष्ट जल के उचित निकास और भूमि में जल पुनर्भरण के लिए अत्यंत उपयोगी होता है। इसके माध्यम से जलभराव की समस्या कम होती है तथा भू-जल स्तर को बनाए रखने में सहायता मिलती है।

प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थियों को सोखता गड्ढा बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कर समझाया गया।

**ग्राम रोकनी में अवैध संबंध का खौफनाक अंजाम, आरोपी महिला गिरफ्तार**

# पति की प्रेमिका को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के थाना कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोकनी में घटित एक महिला की संदिग्ध मृत्यु के मामले में पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रकरण का शीघ्र खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

गत 27 अप्रैल को जिला अस्पताल कवर्धा में उपचार के दौरान सोनकली बैगा, पति जेठूराम बैगा, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम रोकनी की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना कवर्धा में प्रारंभिक रिपोर्ट दर्ज की गई तथा घटना स्थल थाना कुकदूर क्षेत्राधीन होने से मर्ग कायम कर विस्तृत जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतिका का अपने पड़ोस में रहने वाले अर्जुन बैगा के साथ अवैध संबंध था। 21 अप्रैल 2026 को अर्जुन बैगा की पत्नी मंदाकिनी बैगा द्वारा दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखे जाने के पश्चात विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

विवाद के दौरान आरोपी मंदाकिनी बैगा ने आवेश में आकर बांस के डंडे से मृतिका के साथ मारपीट की थी, जिससे उसे गंभीर आंतरिक चोटें आईं।

घायल अवस्था में अपने पति के घर पहुंची, जहां परिजनों द्वारा उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल कवर्धा में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस सूचना के बाद पुलिस ने कार्यवाही कर गिरफ्तारी की है।



#### आरोपी महिला ने पुलिसिया पूछताछ में अपराध किया कबूल

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मंदाकिनी बैगा, पति अर्जुन बैगा, निवासी ग्राम रोकनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। यह संपूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह, के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संग्राम सिंह व थाना कवर्धा पुलिस टीम, तथा थाना कुकदुर पुलिस का सराहनीय भूमिका रही।

# शिक्षकों का किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

राजधानी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संगोष्ठी 2025-26 में कबीरधाम जिले के शिक्षकों ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

नवाचारी गतिविधियां समूह भारत की छत्तीसगढ़ टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से चयनित 160 उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके नवाचारी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कबीरधाम जिले से कवर्धा विकासखंड के सहायक शिक्षक योगेंद्र चंद्रवंशी प्राथमिक शाला लोचन को विद्यालय में नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए सम्मान मिला। सहसपुर लोहारा के गेंदपुर विद्यालय के शिक्षक सीताराम धुर्वे को योग, व्यायाम एवं खेल आधारित शिक्षण के लिए तथा पंडरिया विकासखंड की शिक्षिका आरती ठाकुर को विज्ञान शिक्षण में प्रयोगात्मक एवं मॉडल आधारित पद्धति अपनाने के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उप संचालक समग्र शिक्षा एके शास्वत, माध्यमिक शिक्षा मंडल के उप सचिव डॉ. बी. रघु एवं डीईओ रायपुर हिमांशु भारती सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। चयन प्रक्रिया में देशभर से प्राप्त सैकड़ों आवेदनों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का चयन किया गया। इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है और शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को नई प्रेरणा मिली है।